Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -333 रविवार ,09 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

विश्वरूपी वृक्ष के
अमृत के समान दो फल हैं
सरस प्रिय वचन और
सज्जनों की संगति।
- चाणक्य-

### नशे पर मोदी सरकार की बड़ी कार्रवाई

# केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में 40 हजार किलो ड्रग्स को किया गया नष्ट

**गुवाहाटी, 08 अक्टूबर 2022।** केंद्र सरकार लगातार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आज पूर्वोत्तर राज्यों में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जब्त करीब 40,000 किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट कर दिया गया। देश में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के साथ शाह पूर्वोत्तर भारत में नशीली दवाओं के चलन के खात्मे के तरीकों पर चर्चा करने के लिए असम में %नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा% पर एक क्षेत्रीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बता दें कि असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड में ड्रग्स को नष्ट किया गया है।



**पूर्वोत्तर के राज्यों में ड्रग्स को किया गया नष्ट**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ट्वीट किया कि गुवाहाटी में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 11,000 किलोग्राम जब्त की गई ड्रग्स को जला दिया, जबकि असम पुलिस ने लगभग 8,000 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ को नष्ट किया। सबसे ज्यादा 12,000 किलोग्राम मादक पदार्थ त्रिपुरा में नष्ट किया गया, जबकि 4,000 किलोग्राम नशीले पदार्थ अरुणाचल प्रदेश में जलाए गए। वहीं, मेघालय में 1600 किलोग्राम, मणिपुर में 1,900 किलोग्राम, मिजोरम में 1,900 किलोग्राम और 1,500 किलोग्राम एवं नागालैंड में 398 किलोग्राम ड्रग्स जलाए गए।

**मुख्यमंत्रियों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक**

जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ नारकोटिक्स कंट्रोल पर बैठक करेंगे। बता दें कि अमित शाह इस समय शुक्रवार शाम से असम के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इससे पहले बताया गया था कि NCB गुवाहाटी में लगभग 11,000 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट करेगी। इसके अलावा, लगभग 13,675 किलोग्राम जब्त नशीले पदार्थ (हेरोइन, गांजा, कोडीन कफ सिरप, नारकोटिक पिल्स) को नष्ट किया जाएगा।

# अब एक सीट से एक ही व्यक्ति लड़ सकेगा चुनाव

### निर्वाचन आयोग ने कानून मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव




**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनाव को लेकर अहम फैसला ले लिया है। इसके अनुसार अब एक सीट से एक व्यक्ति ही चुनाव लड़ सकेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कानून मंत्रालय को यह प्रस्ताव भेज दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने पत्र लिखकर एक व्यक्ति को एक समय में केवल एक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए सीमित करने का प्रस्ताव दिया है। वर्तमान में अभी एक व्यक्ति दो अलग-अलग सीटों या निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकता है। रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट 1951 के सेक्शन 33 में यह व्यवस्था दी गई थी कि व्यक्ति एक से अधिक जगह से चुनाव लड़ सकता है। इसी अधिनियम के सेक्शन 70 में कहा गया है कि वह एक बार में केवल एक ही सीट का प्रतिनिधित्व कर सकता है। ऐसे में साफ है कि एक से ज्यादा जगहों से चुनाव लड़ने के बावजूद प्रत्याशी को जीत के बाद एक ही सीट से प्रतिनिधित्व स्वीकार करना होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सितंबर माह में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू से अपील की थी कि चंदे की सीमा तय की जाए। सूत्रों के अनुसार कानून मंत्री को लिखे पत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोगों के प्रतिनिधित्व अधिनियम में कई संशोधनों की सिफारिश की है। प्रस्ताव के अनुसार राजनीतिक दलों को 2,000 रुपये से कम प्राप्त नकदी की रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में लागू नियमों के अनुसार राजनीतिक दल 20,000 रुपये से अधिक के सभी दान का खुलासा अपनी योगदान रिपोर्ट के माध्यम से करना होगा जो भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत किया जाता है।



## मारा गया 9 लोगों का शिकार करने वाला आदमखोर बाघ

**नई दिल्ली , 08 अक्टूबर 2022।** बिहार के पश्चिमी चंपारण में बसे बगहा स्थित वाल्मिकी टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर आस पास के गांवों में आम लोगों को अपना शिकार बनाने वाले आदमखोर बाघ को आखिरकार मार गिराया गया. बताया जा रहा है कि इस आदमखोर बाघ ने 9 लोगों को अपना शिकार बनाया था. इसके वजह से इलाके के लोग दहशत में जी रहे थे. नरभक्षी बाघ को करीब 7 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शनिवार को बिहार पुलिस के शूटरों ने मार गिराया.

**7 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद टाइगर के आतंक का हुआ अंत, लोगों ने ली राहत की सांस**

आतंक का पर्याय बना चूका यह बाघ अब तक किसी के काबू नहीं आ रहा था. जिसके बाद आखिरकार वन पर्यावरण विभाग ने बाघ को मारने का निर्देश दिया था. बाघ की तलाश हाथियों के सहारे की जा रही थी. वहीं इस आदमखोर बाघ के मारे जाने के बाद बगहा में लोगों ने राहत की सांस ली है. बता दें कि फॉरेस्ट विभाग और बगहा पुलिस की टीम ने साथ मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है. बीते, 12 सितंबर से लगातार इस आदमखोर बाघ का आतंक जारी था. वन विभाग को रेस्क्यू करने में अब तक सफलता नहीं मिल सकी थी जिसकी लिखित सूचना एनटीसीए को दे दी गई है।

# ट्रेन में महिला यात्री से छेड़छाड़ के आरोप में एमपी के दो कांग्रेसी विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**भोपाल , 08 अक्टूबर 2022।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के दो विधायकों ने रेवांचल एक्सप्रेस यात्रा करने के दौरान महिला यात्री से बदसलूकी की। इस घटना के बाद दोनों कांग्रेसी विधायकों के खिलाफ धारा 354 के तहत छेड़खानी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस के दो विधायकों द्वारा ट्रेन में यात्रा करने के दौरान महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। सतना से कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सिंह कुशवाहा और कोतमा विधायक सुनील पर शराब पीकर छेड़छाड़ करने का आरोप सहयात्री महिला ने लगाया है, जो अपने सात माह के पुत्र के साथ यात्रा कर रही थी। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



**मामले की जांच शुरू**

जानकारी के मुताबिक रेवांचल एक्सप्रेस यात्रा कर रही महिला यात्री रीवा से भोपाल जा रही थी। यात्रा के दौरान हुए घटनाक्रम की जानकारी महिला ने अपने पति को दी। इसके बाद महिला के पति ने ट्वीट कर इस घटना से रेल मंत्रालय, रेल मंत्री, प्रधानमंत्री ऑफिस, डीआरएम, आरपीएफ, जीआरपी को अवगत करवाया। जीआरपी सागर को शिकायत मिलने के बाद एक महिला अधिकारी और दो पुलिस अधिकारी ट्रेन में सवार हुए और मामले की जांच शुरू की।

**कांग्रेस ने दोनों विधायकों को बेकसूर बताया**

इस संबंध में सागर जीआरपी थाना प्रभारी प्रमोद अहिरवार ने बताया कि छेड़खानी की घटना सागर से पहले हुई। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम महिला के पास पहुंची और महिला की शिकायत को लिखित में दर्ज किया। इसके बाद दोनों विधायकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में सागर जीआरपी ने कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपाल और हबीबगंज जीआरपी पुलिस भी मामले में मदद कर रही है। हालांकि मामला तूल पकड़ने के बाद कांग्रेस ने दोनों विधायकों को बेकसूर बताया है।

**बदली गई महिला की सीट**

घटना की जानकारी मिलने के बाद टीटीई ने महिला की सीट को बदल दिया। हालांकि महिला इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हुई। महिला ने मीडिया को कहा कि अब तक दोनों यात्रियों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

**विधायकों ने आरोप नकारे**

इस मामले में दोनों ही विधायकों ने नशे में होने और महिला के साथ बदसलूकी करने के आरोपों को नकार दिया है। इस संबंध में सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि महिला के साथ उन्होंने किसी तरह की बदसलूकी नहीं की है। उन्होंने कहा कि मैं कोतमा विधायक सुनील सर्राफ के साथ खाना खा रहा था। महिला के साथ बच्चा होने के कारण मैंने उन्हें अपनी बर्थ तक दे दी थी। महिला द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद और निराधार है।

### दर्दनाक मंजर

# एक के बाद एक चार सिलेंडर फटने से मची चीख-पुकार

### धमाके से दहल उठा पूरा इलाका,हादसे में 4 लोगों की मौत, कई घायल



**जोधपुर, 08 अक्टूबर 2022।** राजस्थान के जोधपुर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है. यहां गैस रिफिलिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया. जहां एक के बाद एक चार सिलेंडर फटने से 4 लोगों की मौत हो गई. वहीं इस घटना में 16 अन्य लोग घायल हो गए. धमाके की आवाज सुन आस-पास लोग भी दहल गए. मामला जोधपुर के कीर्ति नगर इलाके का है. हादसे में मरने वालों में से 3 बच्चों समेत एक युवक है. कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे आवासीय क्षेत्र कीर्ति नगर में अवैध तरीके से गैर रिफिलिंग के दौरान गैस लीकेज हो गया. देखते ही देखते विस्फोट से पूरा इलाका दहल उठा. आस-पास कॉलोनी में खड़ी गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं. अस्पताल में भर्ती 16 में से करीब 8 लोग 80 फीसदी तक झुलस गए हैं।

वहीं इस घटना के बाद सीएम अशोक गहलोत ने भी ट्वीट करते हुए लिखा-स्थानीय प्रशासन से घटना की पूरी जानकारी ली गई है. घायलों के इलाज के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं, ईश्वर उन्हें यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें एवं दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें., हादसे में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है।

# भैंसों के बाद अब गाय से टकराई वंदे भारत एक्सप्रेस

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** वंदे भारत एक्सप्रेस एक बार फिर हादसे का शिकार हो गई । भैंसों के झुंड के बाद अब वंदे भारत एक्सप्रेस गाय से टकरा गई है । टक्कर के बाद ट्रेन का अगला हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया । हादसा गुजरात के आणंद स्टेशन के पास हुआ है । बता दें कि एक दिन पहले गुरुवार को ट्रेन ने चार भैंसों को टक्कर मार दी थी । जिसके बाद इसके आगे के एक हिस्से को बदलना पड़ा था ।




**रेलवे अधिकारी ने दी ये जानकारी**

रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि गाय से टकराने के बाद ट्रेन के अगले हिस्से को मामूली नुकसान पहुंचा है । उन्होंने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं । अधिकारी ने बताया कि टक्कर के कारण फ्रंट कोच यानी ड्राइवर कोच के नोज कॉन कवर को मामूली नुकसान पहुंचा है । ट्रेन सुचारू रूप से चल रही है. बताया गया कि ट्रेन शुक्रवार को गांधीनगर से मुंबई की ओर जा रही थी. तभी 15.44 बजे के करीब गाय से टकरा गई । इस हादसे के बाद ट्रेन को लगभग दस मिनट तक रोके रखा गया था. आणंद मुंबई से 432 किलोमीटर दूर है ।

# नासिक में दर्दनाक हादसाःट्रक से टकराने पर बस में लगी भीषण आग,11 लोग जिंदा जले

**नासिक, 08 अक्टूबर 2022।** एक बस के ट्रक में टकरा जाने से बस में आग लग गई, जिससे उसमें बैठे 11 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 30 घायल हो गए। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। नासिक पुलिस ने कहा कि दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे नासिक के पास औरंगाबाद रोड पर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में आग लग गई, जिससे कई यात्री फस गए, जो तड़के सो रहे थे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की और सभी घायलों के शीघ्र मुफ्त इलाज के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यवतमाल से मुंबई आ रही बस को टक्कर मारने के सही कारणों का पता लगाने के लिए दुर्घटना की जांच की जाएगी।



सीएम शिंदे लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों के इलाज को प्राथमिकता दी जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त हुई बस यवतमाल से मुंबई की ओर जा रही थी। यह हादसा सुबह करीब 5 बजे के आसपास हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना के वक्त यात्री सो रहे थे और उन्हें बचने का मौका नहीं मिला। आंकड़े बताते हैं कि लगभग 30 लोग इसमें झुलस गए हैं।

## गुजरात के समुद्री तट पर पाकिस्तानी नाव से पकड़ाई 350 करोड़ की हेरोइन,6 लोग हिरासत में

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** भारतीय तटरक्षक बल को गुजरात के समुद्री तट पर बड़ी सफलता हाथ लगी है. फोर्स ने यहाँ एटीएस गुजरात के साथ संयुक्त अभियान चलाकर पाकिस्तानी नाव पकड़ी है, जिसमें 50 किलो हेरोइन बरामद की गई है. वहीँ नाव के 6 चालक दल को भी हिरासत में लिया गया है. जानकारी के मुताबिक, ये लोग अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास से पकड़े गए. हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 350 करोड़ रुपये आंकी जा रही है. भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. आईसीजी और एटीएस का यह एक साल में यह छठा ऑपरेशन है. यह एक महीने से भी कम समय में दूसरी घटना है.14 सितंबर को एक पाकिस्तानी नाव से लगभग 200 करोड़ रुपये की 40 किलोग्राम हेरोइन पकड़ी गई थी।




# विसर्जन कार्निवाल में हिंसक हुआ जंगली बैल,एक की मौत और 8 घायल

**कोलकाता , 08 अक्टूबर 2022।** पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज में देर शाम दुर्गा मूर्ति विसर्जन कार्निवल में एक बैल के हिंसक होकर भगदड़ मचाने से से एक व्यक्ति की मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृत व्यक्ति की पहचान साधन कर्माकर के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में रायगंज मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आठ अन्य घायल व्यक्तियों का वर्तमान में उसी अस्पताल में इलाज चल रहा है, हालांकि उन्हें संकट से बाहर बताया गया है।

विसर्जन कार्निवाल में भाग लेने वाली एक सामुदायिक पूजा समिति अनुशीलों क्लब ने मूर्तियों को बैलगाड़ी पर ले जाने की व्यवस्था की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार समस्या तब शुरू हुई जब एक बैल अचानक से हिंसक हो गया। बैल ने खुद को गाड़ी से मुक्त कर लिया और वहां जमा लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति की मौत हो गई।



गाड़ी में रखी देवी दुर्गा की मूर्ति बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह पूरी घटना एक मिनट से भी कम समय के लिए हुई, जिसके बाद बैल भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गया।

इस अवसर पर स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक और पश्चिम बंगाल राज्य अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री, मोहम्मद गुलाम रब्बानी उपस्थित थे। इस बीच, रायगंज के कई नागरिकों ने दुर्घटना के लिए जिला प्रशासन को फटकार लगाई है और उन्होंने दावा किया है कि अधिकारियों को संबंधित सामुदायिक पूजा समिति को बैलगाड़ी का उपयोग करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी।

शर्मिष्ठा घोष ने कहा, ÷एक नागरिक के रूप में मैं रायगंज में जो कुछ हुआ उस पर शर्म महसूस करती हूं क्योंकि प्रशासन ने एक सामुदायिक पूजा समिति द्वारा इस तरह के कृत्य की अनुमति दी जिससे अंततः किसी की जान गई। प्रशासन ने जलपाईगुड़ी में अचानक बाढ़ नरसंहार से कोई सबक नहीं सीखा।

बुधवार की रात, पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मालबाजार में मल नदी में अचानक आई बाढ़ ने आठ लोगों की जान ले ली और कई लापता हो गए, जबकि हजारों लोग विजया दशमी के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के लिए नदी के किनारे एकत्रित हुए थे।

### फिर बढ़ी लालू प्रसाद की मुश्किलें

# जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** राजद सुप्रीम और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। दरअसल, सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में लालू यादव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पूरा का पूरा मामला उस वक्त का है जब लालू यादव रेल मंत्री थे। आपको बता दें कि लालू यादव मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार-1 के दौरान रेल मंत्री थे। इस मामले में सीबीआई ने 18 मई 2022 को एफआईआर दर्ज की थी। लालू यादव के अलावा इसमें उनकी पत्नी राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव समेत अन्य लोगों के भी नाम है। हाल में ही इस मामले को लेकर लालू के कई करीबियों के यहां छापेमारी भी की गई थी।



**चपरासी की नौकरी भी नहीं मिलेगी**

जानकारी के मुताबिक के यह भर्ती घोटाला 2004 से 2009 के बीच का है। लालू यादव पर आरोप है कि जब वह रेल मंत्री थे तो उन्होंने नौकरी लगवाने के बदले जमीन और प्लॉट लिए थे। इस मामले में लालू यादव के बेहद करीबी रहे भोला यादव को सीबीआई ने पहले ही गिरफ्तार किया था। लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान भोला यादव उनके ओएसडी थे। कुल मिलाकर देखें तो हाल के दिनों में लालू यादव भाजपा पर जबरदस्त तरीके से आक्रामक हैं। ऐसे में इस चार्जशीट के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## संपादकीय

### कुछ व्यावहारिक सवाल हैं

सरकार के लिए हिंदी में एमबीबीएस महज प्रचार का मुद्दा नहीं है, तो उसे समान शिक्षा और समान स्वास्थ्य सुविधा की नीति भी अपनानी चाहिए। वरना, आशंका है कि हिंदी माध्यम से पढ़ कर निकले डॉक्टरों की असल छवि कंपाउंडर जैसी बनी रह जाए।

गृह मंत्री अमित शाह ने एलान किया है कि अगले महीने से देश के 16 अटल विश्वविद्यालय हिंदी में एमसबीबीएस की पढ़ाई शुरू कर देंगे। पहली बात यह स्पष्ट कर लेने की है कि ऐसा करने में कोई सैद्धांतिक बाधा नहीं है। रूस लेकर चीन और जर्मनी से लेकर फ्रांस जैसे दुनिया के अनेक देशों में मेडिकल-इंजीनियरिंग की शिक्षा वहां की अपनी मातृभाषा में दी जाती है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि ये पढ़ाई हिंदी या तमिल, बांग्ला या मलयालम में ना हो सके। लेकिन यह भी अवश्य स्पष्ट कर लिया जाना चाहिए कि उन देशों में पढ़ाई-लिखाई का मुख्य माध्यम और सर्वश्रेष्ठ विकल्प आरंभ से ही मातृभाषा होती है। ऐसे में पढ़ने और पढ़ कर निकलने वाले छात्रों को अवसर की किसी असमानता का सामना नहीं करना पड़ता। भारत में आरंभ से आज तक अंग्रेजी और देसी भाषा के माध्यमों के बीच अवसर, महत्त्व और संभावनाओं की खाई न सिर्फ बनी हुई है, बल्कि चौड़ी होती गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार ने इस परिघटना को पलटने की कोशिश की हो। ऐसे हिंदी माध्यम से डॉक्टरी करके निकले छात्रों और करोड़ों की फीस देकर प्राइवेट कॉलेजों से निकले छात्रों के बीच अवसर और महत्त्व की समानता वह कैसे सुनिश्चित करेगी, इसे उसे अवश्य स्पष्ट करना चाहिए।

दरअसल, ऐसे प्रयोग सफल होने की एक अनिवार्य शर्त यह है कि स्वास्थ्य क्षेत्र की आज की प्राथमिकताओं में आमूल परिवर्तन किया जाए और सार्वजनिक क्षेत्र को इसमें सर्व-प्रमुख भूमिका दी जाए। तभी मातृभाषा में पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों को नौकरी और कर्त्तव्य निर्वाह के उचित अवसर मिल सकेंगे।

# आम जन से जुड़ा है डाक विभाग



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

भारत में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी।

हमारे देश में पहले डाक विभाग का इतना अधिक महत्व था कि फिल्मों तक में डाकिये पर कई मशहूर गाने फिल्माये गये हैं। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप व सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान हो जाता है।

9 अक्तूबर को पूरी दुनिया में विश्व डाक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। 1969 में जापान के टाकियो शहर में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी थी। एक जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा है।

विश्व डाक दिवस का मकसद देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है। भारतीय डाक प्रणाली का जो उन्नत और परिष्कृत स्वरूप आज हमारे सामने है। वह हजारों सालों के लंबे सफर की देन है। अंग्रेजों ने डेढ़ सौ साल पहले अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से चल रही डाक व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोने की पहल की थी। उन्होने भारतीय डाक को एक नया रूप और रंग दिया। पर अंग्रेजों की डाक प्रणाली उनके सामरिक और व्यापारिक हितों पर ही केंद्रित थी।

पहले डाक विभाग हमारे जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया डाक का थैला लेकर आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आयेगी। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो सभी लोग अपनी या अपने पड़ौसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से देते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें




अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालो से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी पढने-लिखने वाले बच्चों को ईनाम स्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे। इसी लालच में बच्चे ज्यादा से ज्यादा घरों में चिट्ठियां पहुंचाने का प्रयास करते थे।

उस वक्त गांवो में बैक शाखा भी नहीं होती थी। इस कारण बाहर कमाने गये लोग अपने घर पैसा भी डाक में मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते थे। मनीआर्डर देने डाकिया स्वयं प्राप्तकर्ता के घर जाता था व भुगतान के वक्त एक गवाह के भी हस्ताक्षर करवाता था। इसी तरह रजिस्टर्ड पत्र देते वक्त भी प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर करवाये जाते थे। डाक विभाग अति आवश्यक संदेश को तार के माध्यम से भेजता था। तार की दर अधिक होने से उसमें संक्षिप्त व जरूरी बाते ही लिखी जाती थी। तार भी साधारण जरूरी होते थे। जरूरी तार की दर सामान्य से दुगुनी होती थी।

पहले पत्रकारिता में भी जरूरी खबरे तार द्वारा भेजी जाती थी। जिनका भुगतान समाचार प्राप्तकर्ता समाचार पत्रो द्वारा किया जाता था। इस बाबत समाचार पत्र का सम्पादक जिलो में कार्यरत अपने संवाददाताओं को डाक विभाग से जारी एक अधिकार पत्र देता था। जिनके माध्यम से संवाददाता अपने समाचार पत्र को बिना भुगतान किये डाकघर से तार भेजने के लिये अधिकृत होता था। 15 जुलाई 2013 से सरकार ने तार सेवा को बन्द कर दिया।

आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द से ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है।

बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनिया भर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नयी तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है। डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाक घरों द्वारा मुहैया करायी जानेवाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। दुनियाभर में इस समय 55 से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भविष्य में पोस्टल ई-सेवाओं की संख्या और अधिक बढ़ायी जायेगी। डाक विभाग से 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है।

भारतीय डाक विभाग पिनकोड नम्बर (पोस्टल इंडेक्स नम्बर) के आधार पर देश में डाक वितरण का कार्य करता है। पिनकोड नम्बर का प्रारम्भ 15 अगस्त 1972 को किया गया था। इसके अन्तर्गत डाक विभाग द्वारा देश को नो भौगोलिक क्षेत्रो में बांटा गया है। संख्या 1 से 8 तक भौगोलिक क्षेत्र हैं व संख्या 9 सेना की डाक सेवा को आवंटित किया गया है। पिन कोड की पहली संख्या क्षेत्र दूसरी संख्या उपक्षेत्र, तीसरी संख्या जिले को दर्शाती है। अन्तिम तीन संख्या उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दर्शाती है।

डाक विभाग के अंतर्गत केंद्र सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) शुरू किया है। देश के हर व्यक्ति के पास बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के क्रम में यह एक बड़ा विकल्प होगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने देश भर में बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस के माध्यम से देश का सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क अस्तित्व में आएगा। जिसकी हर गांव तक मौजूदगी होगी। इन सेवाओं के लिए पोस्ट विभाग के 11000 कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं देंगे।

इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत आने वाला एक विशेष किस्म का बैंक है जो 100 फीसद सरकारी है। आईपीपीबी को पूरे देश में पहुंचाने के लिए पोस्ट विभाग के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाएगा। देश भर में 40 हजार डाकिये हैं और 2.6 लाख डाक सेवक है। आने वाले वक्त में सरकार इन सभी का इस्तेमाल बैंकिंग सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए करेगी।

भारत की आजादी के बाद हमारी डाक प्रणाली को आम आदमी की जरूरतों को केंद्र में रख कर विकसित करने का नया दौर शुरू हुआ था। नियोजित विकास प्रक्रिया ने ही भारतीय डाक को दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली बनाया है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। जिससे इसकी उपयोगिता लगातार बनी हुई है। आज भी आम आदमी डाकघरों और डाकिये पर भरोसा करता है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में आम जनता का इतना जन विश्वास कोई और संस्था नहीं अर्जित कर सकी है। यह स्थिति कुछ सालों में नहीं बनी है। इसके पीछे डाक विभाग के कार्मिको का बरसों का श्रम और लगातार प्रदान की जा रही सेवा छिपी है।

## प्रकृति सबको अमृत पिलायेगी



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ

चाँद की शीतलता से
धरा पर अमृत बरसेगा
आज धरा पर आने
स्वयं देवगण भी तरसेगा
सोलह कला से चाँद
अपना जौहर दिखायेगी
आज प्रकृति सबको
स्वयं अमृत पिलायेगी
शुभ घड़ी है आज का
सुधा धरा पर आयेगी
जीवन के लिए
अप्रतिम खुशियाली लायेगी
संसार मे अदभुत
रौनकता बरबस आयेगी
आज प्रकृति सबको
स्वयं अमृत पिलायेगी
रसपान से सुधा का
जीवन मधुर हो जायेगी
सुख,समृद्धि और सफलता
तुझे दिलायेगी
इसकी शीतलता से
जग शीतल हो जायेगी
आज प्रकृति सबको स्वयं
अमृत पिलायेगी
चाँद की चाँदनी,
जग मे आसमान की छाया
शुभ्र प्रफुल्लित जनमन
और सुंदरतम काया
प्रकृति भी आज
चाँदनी मे सराबोर नहायेगी
आज प्रकृति सबको
स्वयं अमृत पिलायेगी
शरद पूर्णिमा की
चाँदनी मे भीगी सब काया
दूर कर दे बीमारी सब ,
अदभुत इसकी माया
जीवन के हर स्वर मे
मधुरता बिखर जायेगी
आज प्रकृति सबको
स्वयं अमृत पिलायेगी

# कांग्रेस को खड़गे जैसा ही अध्यक्ष चाहिए

देश की सबसे पुरानी पार्टी को इस समय जैसा अध्यक्ष चाहिए था वैसा अध्यक्ष मिलने जा रहा है। कांग्रेस को शशि थरूर जैसे अध्यक्ष की जरूरत नहीं है और न दिग्विजय सिंह और अशोक गहलोत जैसे अध्यक्ष की जरूरत है। उसे मल्लिकार्जुन खड़गे की जरूरत है। हालांकि कांग्रेस के काफी लोग इससे अलग सोच रखते हैं। उनका कहना है कि खड़गे 80 साल के हो गए हैं। उन लोगों ने मजाक भी बनाया है कि 75 साल की सोनिया गांधी के उत्तराधिकारी 80 साल के खड़गे हैं! उनकी सेहत भी बहुत अच्छी नहीं है। वे दक्षिण भारत से आते हैं। उनके साथ भाषा की भी कुछ न कुछ समस्या है। वे मोदी से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। वे बहुत डायनेमिक नहीं हैं और बहुत मेहनत नहीं कर पाएंगे। वे कांग्रेस में नई जान फूंकने लायक नहीं हैं आदि आदि। लेकिन ऐसी तमाम बातें कहने वाले लोग या तो केंद्रीय बिंदु को पूरी तरह से मिस कर रहे हैं या कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर खड़गे की मौजूदगी को बहुत सीमित या पूर्वाग्रह वाले नजरिए से देख रहे हैं।

खड़गे को बतौर अध्यक्ष सिर्फ इस नजरिए से देखना चाहिए कि कांग्रेस को अभी कैसे अध्यक्ष की जरूरत है? कांग्रेस को एक ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो कांग्रेस की राजनीति के कोर बिंदुओं को समझता हो, जो कांग्रेस संगठन के बारे में जानता हो, जिस पर आलाकमान को सौ फीसदी भरोसा हो, जो हर समय कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध हो और जो पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सारी बातों को धीरज के साथ सुने और आलाकमान के हिसाब से काम करे। कांग्रेस को ऐसा अध्यक्ष चाहिए, जिससे आंतरिक लोकतंत्र का भ्रम रचा जा सके और लोगों को उस पर यकीन भी दिलाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी ने जेपी नड्डा के जरिए ऐसा ही भ्रम रचा है और देश के लोग उस पर यकीन भी करते हैं। असल में फिल्मों की तरह राजनीति भी लोगों को यकीन दिलाने की कला का नाम है। फिल्मों की तरह राजनीति के दांव-पेंच देखते हुए भी लोग स्वेच्छा से सामान्य बुद्धि को किनारे रख देते हैं।

बहरहाल, खड़गे की सबसे बड़ी ताकत उनका अनुभव है। उन्होंने गुलबर्ग शहर के कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और यह उस साल की बात है, जब सोनिया गांधी को भारत आए हुए महज एक साल हुए थे। खड़गे ने 1969 में राजनीतिक सफर शुरू किया। इसके तीन साल बाद 1972 में वे पहली बार विधायक बने और 2019 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो बीच में कोई भी चुनाव नहीं हारे। यानी 47 साल तक अपराजेय बने रहे! नौ बार विधायक और दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। वे शहर कांग्रेस से शुरू करके प्रदेश अध्यक्ष बने और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। वे विधायक रहे, राज्य सरकार में मंत्री रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे, लोकसभा सदस्य रहे, केंद्र सरकार में मंत्री रहे, लोकसभा में पार्टी के नेता रहे और फिर राज्यसभा में भी पार्टी के नेता बने। सो, कांग्रेस के बुनियादी मूल्यों को, पार्टी की राजनीति को और संसदीय राजनीति की जरूरतों को उनसे बेहतर भला कौन जानता होगा!

खड़गे दलित समाज से आते हैं और बौद्ध धर्म को मानते हैं। वे बुद्ध के अनुयायी हैं इसलिए संयम, संतोष, अपरिग्रह और मध्य मार्ग पर चलना उनके सहज स्वभाव का हिस्सा है। कोई बताए कि कांग्रेस का कौन ऐसा नेता है, जो स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार हो और जिससे एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि तीन तीन बार यह मौका छीन लिया गया हो और, जिसके मुंह से उफ नहीं निकला हो? खड़गे वह नेता हैं, जिन्हें 1999, 2004 और 2013 में तीन बार मुख्यमंत्री बनने से रोका गया। इसके बावजूद वे उसी निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस का काम करते रहे। उनकी शिकायतें रही होंगी और हो सकता है कि अपनी पार्टी हाईकमान के सामने उन्होंने शिकायतें रखी भी हों लेकिन उसे उन्होंने कभी भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। राजस्थान में अभी जो हुआ या राज्यसभा की एक सीट की खींचतान में जैसे मध्य प्रदेश की सरकार गई उससे कांग्रेस अध्यक्ष के दो पूर्व दावेदारों और खड़गे का फर्क दिखता है।

खड़गे की क्षमता पर वे ही लोग सवाल उठा रहे हैं, जिन्होंने उनको काम करते नहीं देखा है या जो दक्षिण भारतीय, दलित और 80 वर्ष की उम्र के पूर्वाग्रहों के आधार पर उनको देख रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे उस समय लोकसभा में कांग्रेस के नेता बने थे, जब कांग्रेस ऐतिहासिक हार के बाद 44 सांसदों की पार्टी रह गई थी। इन 44 सांसदों में से भी आधे हमेशा सदन से नदारद रहते थे। गिने-चुने सांसदों को साथ लेकर लोकसभा में तीन सौ सांसदों के प्रचंड बहुमत वाली भाजपा के साथ जिन लोगों ने भी खड़गे को जूझते देखा है, वे उनकी क्षमताओं से परिचित हैं। संसद की बहसों में विचारों की जैसी स्पष्टता खड़गे में देखने को मिली वह बेमिसाल है। चाहे संसदीय कार्यवाही हो या लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के नाते कामकाज हो, खड़गे ने हर जगह छाप छोड़ी। जहां जरूरत पड़ी वहां उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों के साथ तालमेल बनाया और नीतिगत व वैचारिक स्तर पर भाजपा व केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं लड़ना है या उनको चुनौती नहीं देनी है। उनको 2024 के चुनाव का नेतृत्व नहीं करना है। सबको पता है कि यह काम राहुल गांधी करेंगे। लेकिन उससे पहले और उस समय भी कांग्रेस को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो पार्टी हाईकमान के लिए आंख और कान का काम कर सके। कांग्रेस को हर समय खुला रहने वाले एक मुंह की जरूरत नहीं है। इसलिए कांग्रेस को शशि थरूर या दिग्विजय सिंह की नहीं, बल्कि खड़गे की जरूरत है। वे धीरज के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठें और नेताओं की सारी बातें सुन कर उन्हें यकीन दिलाएं कि उनकी बात सही जगह पहुंचेगी और उनकी शिकायत या सुझाव पर कार्रवाई होगी, तो यह अपने आप में बहुत बड़ी बात होगी। अगर कांग्रेस अध्यक्ष देश के हर राज्य के नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए सहज उपलब्ध हों तो इतने से भी बहुत कुछ बदल जाएगा। अभी अध्यक्ष तो छोड़िए पार्टी के महासचिव भी नेताओं व कार्यकर्ताओं से नहीं मिलते हैं। कांग्रेस को दिए गए अपने प्रजेंटेशन में प्रशांत किशोर ने बताया था कि कांग्रेस के संगठन महासचिव देश के 90 फीसदी जिला अध्यक्षों से नहीं मिले हैं। कांग्रेस की इस संस्कृति को बदलना एक बड़ी जरूरत थी, जो खड़गे से पूरी होगी। दक्षिण भारत में खास कर कर्नाटक में उनकी वजह से राजनीतिक लाभ होगा और दलित समुदाय में एक सकारात्मक मैसेज जाएगा, वह अपनी जगह है।

यकीन मानिए कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे वैसे ही सफल होंगे, जैसे प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह सफल हुए थे। खड़गे बिल्कुल उसी तरह की पसंद हैं, जैसे मनमोहन सिंह थे। कांग्रेस हाईकमान के प्रति सौ फीसदी समर्पित! वे पार्टी की जरूरतों को और आलाकमान की इच्छा को समझते हुए काम करेंगे। पार्टी का वास्तविक सत्ता केंद्र सोनिया और राहुल गांधी होंगे लेकिन खड़गे उनके साथ संपूर्ण सामंजस्य बैठा कर काम करेंगे। इस समय कांग्रेस की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि पार्टी के अंदर कोई बड़ा टकराव न हो और पार्टी एकजुट दिखे। खड़गे से यह मैसेज बनेगा। वे स्ट्रीट फाइटर हैं इसलिए जहां भाजपा को सड़क पर टक्कर देने की जरूरत होगी वहां भी वे पीछे नहीं रहेंगे। वे संगठन के आदमी हैं, संघर्ष के आदमी हैं!

-अजीत द्विवेदी-

## कहानी

### मेरे पापा



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक हरियाणा

अलका का विवाह विशाल के साथ हो गया था। विशाल सी.ए. था तथा अलका पढ़ी लिखी तथा सुयोग्य होने के बावजूद भी नौकरी करने के बदले में एक समर्पित गृहणी के तौर पर रहना ज्यादा पसंद करती थी। विशाल जब सुबह अपने आफिस जाने के लिये तैयार होता तो अलका उसके लिये नाश्ता तैयार करती तथा लंच बॉक्स बनाती, उसके पहनने के कपड़े निकालती, शूज़ तथा मौजे़ तैयार रखती तथा उसके जाने से पहले उसे पैसों का पर्स तथा आफिस की चाबियां देना कभी ना भूलती। और जब विशाल आफिस के लिये घर से जाने लगता उसे बड़े प्यार तथा सम्मान से बॉय करना अपना धर्म तथा कर्तव्य समझती।

विशाल के आफिस से आने के बाद अलका उसे पानी का गिलास देती फिर बाथरूम में जाकर चेंज करने तथा हाथ मुंह धोने के लिये कपड़े तथा टावल देती और फिर दोनों मिल बैठकर शाम की चाय इक्ट्ठे पीते, बातें करते। अलका के तौर पर पत्नी को पाकर विशाल अपने आप को धन्य समझता था क्योंकि अपने आफिस के सहयोगियों की बातें सुनकर उसे पता था कि किस प्रकार अनेक पत्नियां अपने पतियों से घर का काम ही नहीं कराती थी, शॉपिंग पर बहुत सारा खर्च भी कराती थी और रोज़ की आपसी किट-किट से उनका जीवन नर्क बना हुआ था। ऐसी बात याद करके विशाल को अपनी पत्नी अलका पर गर्व होता था तथा उसका उसके लिये प्यार और भी बढ़ जाता था।

एक दिन विशाल ने अलका से पूछ ही लिया, ''इतनी ज्यादा क्वालीफिकेशन होने के बावजूद भी तुम नौकरी करने के बदले में घर गृहस्थी के काम तथा मेरी सेवा में समय बिताना ही क्यों पसंद करती हो?''

'मेरे पापा', अलका ने कहना शुरू किया, ''इसके लिये मेरे पापा का जीवन ही मेरे लिये मार्गदर्शक है।''

'किस तरह?' विशाल ने पूछा।

'यह एक लम्बी कहानी है, ''अलका ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, 'मेरे पापा तथा मेरी दादी एक छोटे से घर में मज़े से रहते थे। स्वर्गनुमा, उनका एक छोटा सा घर था। मेरे पापा एक फैक्टरी में क्लर्क का काम करते थे तथा साथ में फालतू समय में टयूशन करके घर का गुजारा चलाते थे। इस बीच मेरे पापा की मुलाकात उनके मालिक के घर में उनकी बेटी, रचना से हुई। रचना बहुत फैशनेबल, अहंकारी तथा फिजूल खर्ची करने वाली लड़की थी। उसे अपने पिता की दौलत का बहुत अहंकार था। मेरे पापा ने उसे नमस्कार नहीं किया क्योंकि मेरे पापा परिश्रमी तथा इमानदर होने के कारण काफी खुद्दार व्यक्ति थे।''

अलका ने कहना जारी रखा, रचना ने अपने पिता पर दबाव डाला था कि वह विवाह करेगी तो राकेश अर्थात मेरे पापा से ही करेगी वरना आत्महत्या कर लेगी। रचना के पिता ने मिन्नत गुज़ारी करके मेरे पापा का विवाह रचना के साथ करा दिया और यह दबाव डाला कि मेरे पापा मेरी दादी को छोड़कर घर-जंवाई बन जायें। लेकिन मेरे पापा ने किसी भी आधार पर घर जंवाई बनने से इनकार कर दिया। इस तरह मेरे पापा तथा रचना मेरी दादी के साथ ही रहने लगे। छोटे से घर मे रचना का दम घुटने लगा, पैसे की कमी से उसे लगने लगा जैसी की कंगाली की जिंदगी व्यतीत कर रही हो। इस बीच मेरा जन्म हुआ और घर का खर्च बढ़ गया। मेरे पापा ने नौकरी करने के इलावा, टयूशन का काम बढ़ा दिया तथा प्रोवीडेंट फंड से पैसे निकलवा कर कार्य चलाना शुरू किया लेकिन फिर भी घर के हालात बिगड़ते ही गये। मेरी मम्मी तथा पापा में दिन रात तकरार बढ़ती गई। मेरी दादी इस गम में परमात्मा को प्यारी हो गई। इस बीच मेरे नाना ने मेरे पापा को बहुत सारे रुपये तथा घर की जरूरत का सामान आदि देना चाहा लेकिन मेरे पापा ने कुछ भी स्वीकार करने से मना कर दिया। मेरे पापा खुद खाना बनाते, बर्तन साफ करते, कपड़े धोते तथा घर की साफ सफाई का काम भी करते और मेरी देखभाल भी करते। मैं धीरे-2 बड़ी होने लगी और मम्मी-पापा की अनबन की बातें मुझे बहुत चुभने लगी। मेरी मम्मी का मेरे पापा अथवा मेरे साथ कोई भी लगाव तथा प्यार नहीं था। मैं मां के प्यार को तरसती रहती। आखिर एक दिन मेरे नाना आकर मेरी मम्मी को अपने घर ले गये। मुझे अपनी मम्मी की थोड़ी-2 शक्ल तो याद है लेकिन अब शायद उसे भी पहचान न सकूं क्योंकि मेरे पापा ने कहीं भी उसकी फोटो नहीं रख रखी थी। मेरे पापा ने मेरी परवरिश मम्मी से भी बढ़कर की। वह मुझे बहुत प्यार करते ताकि मुझे मम्मी की कमी महसूस न हो। वह मुझे स्कूल के लिये तैयार करते, होमवर्क कराते, मेरे साथ कैरम बोर्ड खेलते, कभी-2 भजन सुनाते, दादी की बाते बताते लेकिन मम्मी की कोई भी बात न करते। कभी-2 वह मुझे शहर के चिल्डर्न पार्क, तो कभी चिड़िया घर ले जाते। हर पल मुझे खुश रखने की कोशिश करते। मैं समझती ऐसा इसलिए है कि मम्मी ने पापा को कभी भी पत्नी का सुख नहीं दिया था। पापा मुझे अच्छे संस्कार देते, सच बोलने, इमानदारी तथा परिश्रम करने, दूसरों की सहायता करने, बड़ों की आज्ञा पालन करने, पति की सेवा करने, किसी के साथ ईर्ष्या न करने, निन्दा से बचने, घर को ही स्वर्ग समझने, बात धीरे करने, कम तथा मीठा बोलने की शिक्षा देते रहते। इस तरह उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए जब मैं बड़ी हुई तो मेरे पिता ने जीवन साथी के तौर पर आपका चुनाव ही किया।''

''बेशक मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रखी है फिर भी मैं आपकी सेवा तथा घर गृहस्थी के काम को प्राथमिकता देती हूं। मैं नहीं चाहती कि आपको पारिवारिक जीवन में उस किस्म की कोई दिक्कत या शिकायत हो जो कि मेरे पापा को हुई थी। मैं आपके साथ उसी भावना से रह रही हूं जिस तरह मैं अपनी मम्मी को पापा के साथ चाहती थी। हम चाहें तो घर के काम के लिये नौकर भी रख सकते हैं लेकिन घर का काम करने तथा आपकी सेवा करने को जो मुझे सुख मिल रहा है तब वही नहीं मिल सकेगा।''

विशाल ने बीच में रोककर कहा, चलो, हम तुम्हारे पापा से प्रार्थना करते हैं कि वह हमारे पास आकर रहें। इस तरह हमें उनकी सेवा करने का मौका भी मिल जायेगा और उनका बाकी का जीवन भी सुखमय ढंग से बीत जायेगा।''

''नहीं, नहीं,'' अल्का का कहना था, ''मेरे पापा स्वाभिमानी हैं। उनका कहना है कि 'ससुर घर जंवाई कुत्ते के बराबर , बहन घर भाई कुत्ते के बराबर', और वह तो बेटी पर बोझ कभी बनना ही नहीं चाहेंगे। मुझे अपने पापा पर सचमुच बहुत नाज़ है। मेरे पापा आखिर मेरे पापा हैं।''

और विशाल को भी ऐसे ससुर का दामाद होने पर काफी सन्तोष था उसने प्यार से अलका को अपनी बाहों में भर लिया।


## वचन



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

वचन करो तो निभाना ऐसे जैसे
निभाया दशरथ जी ने
भेज दिया वनवास पुत्र को
त्याग दिए
उसके विछोह में प्राण अपने।
वचन करो तो निभाना
श्री कृष्ण जैसा
जिन्होंने एक धागे के बदले में
दिया ऐसा सुरक्षा कवच द्रौपदी
को कि दुशासन के हाथों के हाथ
भी भरी सभा में
नग्न नहीं कर पाए ।
वचन करो तो निभाना कुछ इस
तरह से कि जिसमें शब्दों का
उपबंध कोई नहीं हो
बस भावनाओं से भावनाओं की
मूक सहमति हो
मन से मन का एकाकार हो
हृदय से हृदय का बिन बोले ही
एक करार हो
वचन करो तो निभाना मर कर भी
उस वचन को क्योंकि
जो वचन हार जाता है
वह संपूर्ण दुनिया ही हार जाता है
और वचन पूरा करने वाले
कभी भी पराजित नहीं होते
असफल नहीं होते
जीवन के रण में ये सदैव विजेता
कहलाते हैं...।


# रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भर भारत युद्ध शस्त्रों का बड़ा निर्यातक भी



संजीव ठाकुर,
रायपुर
छत्तीसगढ़,

भारत वैश्विक स्तर पर युद्ध के शस्त्रों का बड़ा निर्यातक देश होने जा रहा है। रक्षा विश्लेषकों का कहना है कि भारत विश्व के लगभग 80 देशों को सामरिक अस्त्र भेजने की तैयारी में है ।पहले भारत दूसरे देशों के अस्त्र तथा शास्त्र का बड़ा खरीददार हुआ करता था।पूर्व में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस तथा इसराइल जैसे देशों से रक्षा उपकरणों की खरीदी कर अपने सैन्य बल को मजबूत रखने की कोशिश करता था।यहां तक कि भारत के रक्षा सौदा परंपरागत दुश्मन,चीन से भी कई बार हुए हैं। किंतु चीन की प्राथमिकता हमेशा पाकिस्तान ही रही है। ऐसे में भारत ने यूरोपीय देशों पर ज्यादा भरोसा कर यूरोप तथा अमेरिका, इसके अलावा रूस से भी रक्षा सौदे किए एवं बड़ी मात्रा में लड़ाकू विमान तथा टैंक खरीदता रहा है।पर धीरे-धीरे हिंदुस्तान ने आत्मनिर्भरता हासिल करने का प्रयास किया और भारत की रक्षा एजेंसी डी.आर.डी.ओ.यानी ( डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन)ने अनथक प्रयास कर, भारत को रक्षा उपकरणों का निर्यातक देश बनाने का काम किया है, उदाहरण के तौर पर भारत कई देशों में अपने महत्वपूर्ण मिसाइल ब्रम्होस मिसाइल निर्यात करने की स्थिति में आ गया है। उनमें महत्वपूर्ण देश इंडोनेशिया, फिलीपींस, वियतनाम तथा अन्य देश शामिल हैं। इन्हें वह उपरोक्त मिसाइल निर्यात शीघ्रता शीघ्र करेगा। वैसे तो भारत ने कूटनीति के तहत अमेरिका, इजराइल,फ्रॉस, ब्रिटेन, रूस के साथ अन्य यूरोपीय देशों से अरबों रुपए के सामरिक सौदे किए हैं। इनके अलावा सऊदी अरब संयुक्त अरब,अमीरात तथा दक्षिण अफ्रीका के देश शामिल हैं। भारत ने रूस के साथ समझौता कर कई युद्ध के उपकरणों को बनाने में भारी सफलता पाई है, उनमें से प्रमुख 290 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल अत्याधुनिक मिसाइलों में गिनी जाती है। एवं निकट भविष्य में इसका निर्यात रूस की सहमति के साथ फिलिपिंस को किया जाना है।यह मिसाइल एक क्रूज मिसाइल है, जिसको थल,वायु जल सेना में एक साथ उपयोग किया जा सकता है,इसके निर्यात के साथ ही भारत शस्त्र का बड़ा निर्यातक देश बनने की दिशा में कदम रखेगा, एवं बड़ा निर्यातक देश बन जाएगा। इसी तरह आकाश मिसाइल भी बड़ी मारक मिसाइल है जो हवा में 25 किलोमीटर रेंज में मारक क्षमता रखता है, एवम इस रेंज में आए किसी भी हवाई जहाज अथवा ड्रोन जहाज को नष्ट करने की क्षमता रखता है। विश्लेषकों के अनुसार दक्षिण पूर्व एशियाई के देशों जैसे बहरीन,सऊदी अरब, मिश्र,अल्जीरिया,संयुक्त अरब अमीरात,भी इसको खरीदने की योजना बना रहे हैं। भारत की रक्षा उपकरणों के बनाने में धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता बढ़ती जा रही है, इसके पहले भारत अमेरिका तथा फ्रांस से सऊदी अरब के बाद सबसे बड़ा आयात करने वाला देश रहा है। किंतु 1998 के बाद से रूस के साथ सुरक्षा उपकरण बनाने की सैन्य संधि के बाद भारत में अनेक टैंक मिसाइल तथा लड़ाकू विमान बनाना शुरू कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। भारत पहले परंपरागत अमेरिका तथा रूस से ही रक्षा उपकरण आयात किया करता था।किंतु धीरे धीरे उसने इसराइल फ्रांस से रक्षा सौदे के तहत सामरिक हथियार खरीदे हैं ।भारत की रक्षा एजेंसियों द्वारा भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जिन देशों से आयात करता था उनसे रक्षा सौदों के तहत औजार बनाने की तकनीक को भी अनुबंध के तहत सीख कर मिसाइल एतथा टैंक एवं युद्धपोत बनाने प्रयास शुरू किये है। और उसे सफलता भी बहुत जल्द प्राप्त हुई। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कई देशों से उन्होंने गठबंधन कर यह प्रयास किया है, कि उनके कूटनीतिक संबंध भी चीन तथा पाकिस्तान के विरुद्ध मजबूत हो सके और युद्ध की स्थिति में वे भारत का साथ देने की स्थिति में रहे। आज भारत को आत्मनिर्भर रहने के लिए स्वयं की रक्षा के उपकरणों का निर्माण स्वदेशी स्तर पर किया जाना होगा।

## मेहनत की पतवार



पवन कुमार शर्मा
चित्तौड़गढ़ राजस्थान

अरमानों के समंदर में ,
हिम्मत की नाव उतारी ,
मेहनत की पतवार बनाई ,
चल नाविक अब तेरी बारी ।
तू न रुकना कभी ,
ज्ञान तेरे साथ है।
चलता रह चलता रह ,
मंजिल तेरे पास है ।
आए गर तूफान कभी
हिम्मत तू न हारेगा ,
हौसला है तेरे पास गर
तो बाजी मारेगा ।
समंदर है ये संसार
बस चलते जाओ
आत्मविश्वास रखो मन में
आगे बढ़ते जाओ,बढ़ते जाओ ....

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# आरक्षण में कटौती किए जाने पर जनजाति समाज को भारी नुकसान

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
. छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार पर जनजाति विरोधी सरकार का आरोप लगाते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा संभाग सरगुजा द्वारा स्थानीय बिलासपुर चौक अंबिकापुर में दोपहर 1 से चक्का जाम किया गया। प्रदेश भाजपा के निर्देश भाजपा जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आदिवासी कद्दावर नेता नंदकुमार साय, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय एवं पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा के साथ सरगुजा संभाग के अन्य जिलों से जनजाति समाज के नेताओं ने चक्का जाम में भाग लिया। नंद कुमार साय ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि यह सरकार आदिवासी विरोधी सरकार है, आरक्षण में कटौती किए जाने पर जनजाति समाज को भारी नुकसान हुआ है, सरकार चाहे तो एक अध्यादेश ला सकता है और उसे पारित करा सकता है लेकिन इस कांग्रेस सरकार का दोहरा चरित्र जनता के सामने आ गया है, आने वाले चुनाव में अब इन्हें एक वोट नहीं मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जानबूझकर हाईकोर्ट में साक्षी और सही तर्क पेश नहीं किया, जिसके कारण जनजाति समाज को प्राप्त 32 प्रतिशत आरक्षण में भी 12 प्रतिशत की कमी कर दी गई, आज का यह हड़ताल चक्का जाम



संकेतिक था, आने वाले दिनों में कांग्रेस सरकार के विरोध में पूरा जनजाति समाज और संगठन वृहद आंदोलन करेगा। चक्का जाम में भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने कहा कि आदिवासी समाज को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार ने दोहरा चरित्र का प्रदर्शन किया है, वास्तव में यह जनजाति विरोधी सरकार है, भाजपा सरकार के समय भी यह मामला न्यायालय में लंबित था जहां भाजपा द्वारा जनजाति आरक्षण तथ्यों को सही तरीके से न्यायालय के समक्ष रखती रही जिससे 32 प्रतिशत आरक्षण बना रहा परंतु कांग्रेस सरकार के 3 साल में ही इन्होंने अपना रंग दिखा दिया, आदिवासी समाज के लिए इस सरकार की नीयत साफ नहीं है, हमारा पूरा समाज इसके लिए एकजुट है और हम संघर्ष करते रहेंगे। सांकेतिक चक्काजाम का संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी राम लखन सिंह पैकरा ने किया। इस अवसर पर पत्थलगांव पूर्व विधायक शिव शंकर पैकरा, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, राम लखन सिंह पैकरा, विजय नाथ सिंह, भरत सिंह सिसोदिया, अभिमन्यु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, उद्धश्वरी पैकरा, प्रबोध मिंज, अंबिकेश केसरी, देवनाथ सिंह पैकरा, आलोक दुबे, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, रोहित साय, रेणुका सिंह, चंपा देवी पावले, कमला प्रसाद सिंह, कौशल प्रताप सिंह, रवि शंकर सिंह, राम किशुन सिंह, बंशीधर उरांव, फुलेश्वरी सिंह मंजूषा भगत, आनंदी बड़ा, राजा राम भगत, शिव शंकर पैकरा, राम प्रताप सिंह, धनाराम नागेश, ललित नागेश, अनूप सिन्हा, शकुंतला पोर्ते, शशि कला भगत,पुष्पा सिंह, अनामिका पैकरा, सत्यनारायण सिंह, अनुज एकका, शालिक साय, दीपक कोरवा, कमलेश टोप्पो, अंकित तिर्की समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंदिरानगर टीम सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के सुपर लीग में प्रवेश



-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
शहर के गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को तीन मैच खेले गए। प्रथम मैच फुटबॉल क्लब इंदिरानगर व फुटबॉल क्लब परसोड़ी के मध्य खेला गया। दोनों टीमों में बेहतर ताल मेच के साथ खेलते हुए मैच बराबरी पर रहा। मैच का निर्णय ट्राइब्रेकर से लिया गया। जिसमें फुटबॉल क्लब इंदिरानगर ने 5-4 गोल से मैच जीत कर सुपर लीग में प्रवेश किया। दूसरा मैच ट्राइबल टाइगर अंबिकापुर बनाम फुटबॉल क्लब खैरबार के मध्य खेला गया। प्रथम हाफ में दोनों टीमें बराबरी पर रहे। मैच के दूसरे हाफ में ट्राइबल टाइगर की टीम ने बेहतर खेल एवं छोटे-छोटे पास खेल कर लगातार 3 गोल किए। इस तरह ट्राइबल टाइगर की टीम ने भी 3-0 गोल से खैरबार को हराकर सुपर लीग में प्रवेश कर ली। तीसरा मैच फुटबॉल क्लब कांति प्रकाशपुर बनाम फुटबॉल क्लब राता दरकोना के मध्य खेला गया। मैच के प्रथम हाफ में दोनों टीमें बराबरी पर रही। वहीं मैच के दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने एक भी गोल नहीं कर पाए। इस तरह मैच का निर्णय ट्राइब्रेकर से किया गया। जिसमें कांतिप्रकाशपुर की टीम ने 3-2 गोल से फुटबॉल क्लब राता दरकोना को हराकर सुपर लीग में जगह बना ली। सरगुजा फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के सुपर लीग ए में सरगुजा पुलिस, सूरज क्लब तालपारा, ट्राइबल टाइगर व कांतिप्रकाशपुर की टीम शामिल है। वहीं सुपर लीग बी के लिए अदानी फुटबॉल एकादमी, सरगुजा फारेस्ट, राजपुर कर्रा व इंदिरानगर की टीम शामिल है।

रविवार को सुपर लीग के तहत पहला मैच अदानी फुटबॉल क्लब अंबिकापुर बनाम फुटबॉल क्लब राजपुर कर्रा तथा दूसरा मैच सरगुजा पुलिस बनाम सूरज क्लब तालपारा के मध्य खेला जाएगा।

# तलवार व गुप्ती लेकर लोगों के बीच दहशत फैला रहे युवक पर पुलिस ने की कार्रवाई

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर स्थित दुर्गा पंडाल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक युवक धारदार हथियार तलवार व गुप्ती कमर में खोंसकर लोगों के बीच दहशत का माहौल पैदा कर रहा था। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक तलवार व गुप्ती जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर में दुर्गा पंडाल में 7 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के दौरान एक युवक तलवार व गुप्ती कमर में रख कर लोगों को डरा धमका रहा था। लोगों ने मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर युवक की तलाश की। युवक की तलाशी ली तो उसके कमर में एक तलवार व गुप्ती जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी संजीव मंडल निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार कर 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने किया पदभार ग्रहण

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
कोरिया जिला पंचायत की नई मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने बीते दिवस अपना पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि गत दिनों राज्य शासन द्वारा जिला पंचायत सीइओ श्री कुणाल दुदावत का स्थानांतरण बिलासपुर कर श्रीमती नम्रता जैन को कोरिया जिला पंचायत सीइओ के पद पर नियुक्त किया गया है। इस आदेश के अनुक्रम में पदभार ग्रहण करने के बाद जिला पंचायत सीइओ नम्रता जैन ने जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सभी अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया इसके पश्चात उन्होने सभी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए टीम भावना के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिला पंचायत की टीम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन का एक अंग होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक जल्द से जल्द पहुंचे इसके लिए सभी को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करना होगा। प्रति माह एक समीक्षा बैठक के माध्यम से सभी योजनाओं के प्रगति का आकलन किए जाने के संबंध में निर्देश करते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में कोई लापरवाही ना करें। कार्यालय में आने वाले पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार, न्यायलीन प्रकरण जैसे संवेदनशील विषयों पर संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। अधिकारी कर्मचारियों से परिचय व संवाद के बाद नवपदस्थ सीइओ ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर का अवलोकन किया। प्रत्येक शाखाओं में जाकर विस्तार से जानकारी प्राप्त की और सुधार संबंधी निर्देश प्रदान किए। इसके बाद उन्होने जिला पंचायत के आडिटोरियम का निरीक्षण कर आवश्यक और गढ़ कलेवा कैंटीन का भी अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत में कार्यरत उप संचालक पंचायत व अन्य अधिकारी साथ रहे।



# मानव-मानव एक समान जात-पात का मिटे निशान

## रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
सेन्ट जेवियर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बिकापुर की रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बरगवाँ जिला में आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन डॉ. फा. सुशील तिग्गा प्राचार्य सेन्ट जेवियर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बिकापुर के मार्गदर्शन में किया गया। इसका संचालन रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी प्रीति चंदोला सहा. प्रा. सेन्ट जेवियर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बिकापुर ने किया। शिविर के उद्घाटन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिजेश सिंह सरपंच बरगवाँ ग्राम पंचायत एवं फार अजय लकड़ा प्रधान पाठक पूर्व मा विद्यालय बगधनु बरगवाँ जिना सरगुजा फा. गाब्रियेल लकड़ा पल्ली पुरोहित सुपीरियर सि. कुसुम उपस्थित रहे। इस शिविर में समाज सेवा की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ गाँव के विकास हेतु कई गतिविधियों की गई गाँव के जलाशयों की साफ-सफाई व सीढ़ियों की मरम्मत कार्य, विद्यालय के खेल मैदान का समतलीकरण मुख्य मार्ग से गाँव के




पहुँच मार्ग के गड्ढों का समतलीकरण किया गया। जनचेतना हेतु प्रभात फेरी निकाला गया जिसमें ÷आधी रोटी खाएँगे रोज स्कूल जाएंगे मानव-मानव एक समान जात-पात का मिटे निशान इत्यादि नारे लगाए गए।

रा.से.यो के स्वयं सेवकों द्वारा गाँव की समस्याओं को जानने हेतु ग्रामीण सर्वे किया गया। तत्पश्चात रोज दोपहर की बौद्धिक परिचर्चा और शाम की सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामवासी शामिल हुए। दोपहर की बौद्धिक परिचर्चा में पधारे मुख्य श्रोत वक्ता डॉ. फा सुशील तिग्गा प्राचार्य सेन्ट जेवियर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बिकापुर (विषय) व्यक्तित्व विकाश), फा. कल्यानुस मिज प्रबंधक सेन्ट जेवियर्स संस्थान अम्बिकापुर (विषय त्यौहार और आध्यात्मिकता) सि ललिता तिकी सहा. प्रा. सेन्ट जेवियर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अम्बिकापुर (रासायों के उद्देश्य), श्री विनितेश गुप्त सहा. प्रा. के. आर. टेक्निकल कॉलेज अम्बिकापुर (विषय समस्या समाधान) का बैनाड एक्का प्रधान पाठक लोयोला पू मा शाला गोर्रापारा, जिला जशपुर (विषय सेवा का अर्थ महत्त्व), फा. अजय लकड़ा प्रधान पाठक पूर्व मा विद्यालय बगधनु बरगवाँ (विषय गाँव की समस्याएँ) रहे रोज शाम की सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के ज्वलंत मुद्दे जैसे नशा पान वृक्षों की कटाई, दहेज प्रथा इत्यादि पर नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत कर ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में सहा प्रा. सि. ललिता तिर्की एवं सुश्री नमिता तिर्की का विशेष योगदान रहा।

# युवक की इलाज के दौरान मौत

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर,08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।**
मारपीट किए जाने से गंभीर रूप से जख्मी युवक की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। उसे 7 अक्टूबर की सुबह गांव के ही एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट किया था। मामला जशपुर जिले के कुनकुरी का है। अरूण चौहान पिता स्व अकलू चौहान उम्र 40 वर्ष कुनकुरी थाना क्षेत्र के ग्राम पुरानी बस्ती का रहने वाला था। वह 7 अक्टूबर की सुबह बाइक से कहीं जाने घर से निकला था। करीब 11 बजे पड़ोसी रविन्द्र ने उसके घर आकर बताया कि अरूण घायल अवस्था में गांव के मंदिर के पास पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो वह गंभीर स्थिति में पड़ा था। पूछे जाने पर वह परिजन को बताया कि गांव के ही राजू चौहान व अन्य लोग उसेक साथ मारपीट किए हैं। परिजन उसे इलाज के लिए कुनकुरी अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन पहले मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे जेजे अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां भी चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




# शराब बंदी को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 08 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
तेजस्वी नारी शक्ति, समाजिक संगठन द्वारा आज नया बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ शराब बंदी, हस्ताक्षर अभियान चलाया गया और वहां के लोगों ने भी अपना समर्थन दिया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कि सरकार बनने से पहले सभी नेतागणों ने गंगा जल हाथ में लेकर कसम खाया था कि यदि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनती है तो हम तुरंत शराब बंदी करेंगे और छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी इन लुभावने वादे पर भरोसा कर कांग्रेस कि सरकार को पूर्ण बहुमत से विजई कराई। परंतु सरकार बनने के बाद ये मंत्री एवं नेतागण अपने वादे से मुकर गए या ये कहा जा सकता है कि आम



जनता के उम्मीदों को अपने पैरों तले रौंदाने का काम छत्तीसगढ़, कांग्रेस के नेताओं ने किया है, शहरों में हर तरफ शराब पी रहे लोगों के कारण लोगों के बीच में मार-पीट,पती- पत्नी में झगड़ा, बच्चों के भविष्य खराब, युवा पीढ़ी भी आज इसके चपेट में आ चुकि है।

हर तरफ सिर्फ और सिर्फ बर्बादी ही बर्बादी दिखाई दे रही है, परंतु कांग्रेस कि सरकार में बैठे मुख्यमंत्री एवं सत्ता के नशे में मद-मस्त इनके मंत्रियों को इनके वादे याद दिलाने के लिए लगातार हमारे समाजिक संगठन के द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर लोगों से हस्ताक्षर करा इस अभियान में लोग भी हमारे साथ जुड़ रहे हैं। इस कार्यक्रम में ÷तेजस्वी नारी शक्ति, समाजिक संगठन कि कार्यकर्ता -ज्योति चौरसिया, अनिता जी, पूजा जी, अंजलि जी, मीना केशरी जी , खुशबू , अभिमन्यु साहु, अनिकेत सिन्हा, देव प्रताप और रूदन पैकरा जी एवं और भी समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की धूम

## कई खेल रहे कबडड्,खो-खो फुगड़ी कई दौड़ रहे लंगड़ी

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 08 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
इन दिनों जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की धूम है। लोग उत्साह से पारंपरिक खेलों में भाग ले रहे है। ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग पारंपरिक खेल कबड्डी खो-खो फुगड़ी, पिट्ठुल, रस्साकशी, बांटी, लंबी-कूद, ऊंची कूद, लंगड़ी दौड़ आदि में भाग ले रहे हैं। ग्राम पंचायत गोरता में शुक्रवार को राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया।



विजयी खिलाड़ियों को खेल के अनुसार ट्राफी एवं मेडल प्रदान किया गया।इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती प्रमिला राजवाड़े, ग्राम पंचायत गोरता के सरपंच श्रीमती सहोदरी उईके, उप-सरपंच श्री मुकेश सिंह, श्री रणविजय सिंहदेव, सचिव श्री दीनूदास सहित राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य व ग्रामवासी मौजूद थे।

# खैरबार मार्ग का जल्द होगा बीटी नवीनीकरण

-संवाददाता-
**अम्बिकापुर 08 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
अम्बिकापुर से लगा हुआ खैरबार मार्ग का बीटी नवीनीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा। इस मार्ग के नवीनीकरण के लिये कार्य स्वीकृत है बारिश के बाद काम शुरू हो जाएगा।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री व्हीके बेदिया ने विगत दिनों अम्बिकापुर खैरबार मार्ग का निरीक्षण कर सड़क की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़क के कुछ हिस्से में छोटे-छोटे गड्ढे हो गए है जिसे डब्ल्यूएमएम मटेरियल द्वारा मरम्मत कराया जा रहा है। श्री बेदिया ने बताया कि अम्बिकापुर से खैरबार



करीब 2.80 किलोमीटर मार्ग में वार्षिक संधारण मद अंतर्गत बीटी नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत है। उन्होंने बताया कि सड़कों के मरम्मत का कार्य बारिश के बाद तेजी से किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया नंद कुमार साय का स्वागत

## आरक्षण मामले में नंद कुमार साय ने छत्तीसगढ़ सरकार पर घोर लापरवाही का लगाया आरोप

-मनोज कुमार-
**लखनपुर 08 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार साय का 8 अक्टूबर दिन शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे लखनपुर भाजपा नेता व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के निवास पर आगमन हुआ जहां भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया गया है। नंद कुमार सायं ने भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से सौजन्य भेंट करते हुए पार्टी संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। मीडिया से चर्चा करते हुए जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नंद



कुमार साय ने कहा की हाईकोर्ट के फैसले से आदिवासियों का आरक्षण फिर 32त्न से घटकर 20त्न हो गया है जो कि बीजेपी के शासन काल में 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत आरक्षण किया गया था। छत्तीसगढ़ सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरक्षण को लेकर सरकार ने घोर लापरवाही की है। कोर्ट के फैसले आने से पहले सरकार के द्वारा आरक्षण को लेकर जो तथ्य सामने रखने चाहिए थे उन्होंने वह तथ्य कोर्ट के सामने नहीं रखा। इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। जिसकी शुरुआत अंबिकापुर में संभाग स्तरीय विरोध प्रदर्शन शनिवार को दोपहर लगभग 1:00 बजे बिलासपुर चौक नेशनल हाईवे जाम कर किया जायेगा। राजेश अग्रवाल के निवास पर भोजन पश्चात अंबिकापुर के लिए प्रस्थान किए इस दौरान उनके साथ पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ओबीसी भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, मंडल महामंत्री सत्यनारायण साहू, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश्वर राजवाड़े, तबरेज आलम, सहदुल खान, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

CMYK

# आईटी,वित्तीय शेयरों में मुनाफा वसूली से सेंसेक्स,निफ्टी में रही मामूली गिरावट

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के बीच वित्तीय और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली होने से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 30.81 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,191.29 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह एक समय 370.95 अंक यानी 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 57,851.15 तक टूट गया था। दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 17.15 अंक यानी 0.10 प्रतिशत टूटकर 17,314.65 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और आईटीसी में खास तौर पर गिरावट दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत की गिरावट रही। दूसरी ओर टाइटन, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, मारुति, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स में बढ़त दर्ज की गई। टाइटन ने सर्वाधिक 5.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। अन्य एशियाई बाजारों में सोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजार लाल निशान में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में मध्य सत्र के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,




अमेरिका में रोजगार के आंकड़े जारी होने से पहले, घरेलू बाजार ने अन्य विदेशी बाजारों की ही तरह कमजोरी का रुख दिखाया। रोजगार में अनुमान से अधिक कमी से बाजार में गिरावट आ सकती है, क्योंकि ऐसे में फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति को काबू में करने पर अधिक जोर देगा।

नायर ने कहा कि तेल निर्यातक संगठन ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा आपूर्ति में कटौती की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी है। दूसरी ओर फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की तीखी टिप्पणियों से डॉलर के मुकाबले रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि बाजारों में हालिया तेजी थम गई है और किसी भी बड़े घटनाक्रम के अभाव में उल्लेखनीय फेरबदल नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों, विशेषकर अमेरिका, में अब भी स्थायी सुधार के संकेत नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में अस्थिरता बनी हुई है और प्रतिभागियों को इसी के हिसाब से रणनीति बनानी चाहिए। व्यापक बाजारों में बीएसई स्मॉलकैप 0.30 फीसदी और मिडकैप सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो तेल एवं गैस में 0.78 प्रतिशत, ऊर्जा में 0.72 प्रतिशत, धातु में 0.63 प्रतिशत, आईटी में 0.57 प्रतिशत और एफएमसीजी में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई।

दूसरी ओर उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 2.13 फीसदी, दूरसंचार में 0.91 फीसदी और पूंजीगत सामान में 0.35 फीसदी की तेजी रही। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.48 फीसदी की तेजी के साथ 94.87 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 279.01 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।

## आरबीआई जल्द ही सीमित उपयोग के लिए पायलट आधार पर ई-रुपया पेश करेगा

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर 2022।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही विशिष्ट उपयोग के लिए ई-रुपये की पायलट आधार पर पेशकश करेगा। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, भुगतान प्रणाली को अधिक सक्षम बनाने और धन शोधन को रोकने में मदद मिलेगी। आरबीआई ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के बारे में पेश अपनी एक संकल्पना टिप्पणी में कहा, पायलट आधार पर इस तरह की पेशकश की सीमा और दायरे का विस्तार होने के साथ ही समय-समय पर ई-रुपये की विशिष्ट विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आरबीआई ने कहा कि सीबीडीसी का उद्देश्य मुद्रा के मौजूदा रूपों को बदलने के बजाय डिजिटल मुद्रा को उनका पूरक बनाना और उपयोगकर्ताओं को भुगतान के लिए एक अतिरिक्त विकल्प देना है। इसका मकसद किसी भी तरह से मौजूदा भुगतान प्रणालियों को बदलना नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा, भारत की अत्याधुनिक भुगतान प्रणालियों द्वारा समर्थित डिजिटल रुपया प्रणाली भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगी, मौद्रिक एवं भुगतान प्रणाली को अधिक कुशल बनाएगी तथा वित्तीय समावेशन में मदद करेगी। सीबीडीसी केंद्रीय बैंक द्वारा जारी किए गए मुद्रा नोटों का एक डिजिटल रूप है। दुनिया भर के अधिकांश केंद्रीय बैंक इस समय सीबीडीसी जारी करने की तरीकों पर विचार कर रहे हैं और इसे जारी करने के तरीके हर देश की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार अलग-अलग हैं।



## त्योहारी सीजन में महंगाई का झटका, कुकिंग गैस और सीएनजी के दाम बढ़े




**नई दिल्ली ,08 अक्टूबर 2022।** त्योहारी सीजन में दिल्ली-एनसीआर के लोगों को महंगाई का झटका लगा है। नेचुरल गैस कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने सीएनजी खुदरा बिक्री के लिए कीमत में तीन रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी कर दी है। इसके साथ ही आईजीएल ने घरेलू पीएनजी के दामों में भी तीन रुपए प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) बढ़ोतरी कर दी है। ये बढ़ोतरी ऐसे समय पर की गई है, जब त्योहारी सीजन चल रहा है। ऐसे में लोगों के त्योहारों का जायका बिगड़ सकता है।

दरअसल, सात अक्टूबर यानी आज शाम दिल्ली एनसीआर में सीएनजी की नई कीमतों का ऐलान किया गया। जिसके मुताबिक, अब सीएनजी पर तीन रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। नई कीमतें आज सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं।

आपको बता दें कि पिछले एक साल में नेचुरल गैस के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं। इसके पीछे की वजह नेचुरल गैस की कीमतों में रिकॉर्ड तोड़ बढ़ोतरी को बताया जा रहा है। इसलिए पहले ही अनुमान लगाया जा रहा था कि सीएनजी के दाम बढ़ सकते हैं।

## ऑडी इंडिया की बिक्री में 29 प्रतिशत का उछाल




**मुंबई ,08 अक्टूबर 2022।** जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने जनवरी-सितंबर 2022 में 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,947 कारों की बिक्री की जिसकी संख्या एक वर्ष पूर्व समान अवधि में 2,291 थी।

ऑडी इंडिया ने कहा कि नयी ऑडी ए8 और ऑडी क्यू7 के लॉन्च के साथ ऑडी ई-ट्रॉन रेंज, ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू5 और आरएस परफॉर्मेंस रेंज की निरंतर मांग से बिक्री में वृद्धि हुई। इसके अलावा 2022 के पहले नौ महीनों में ऑडी अप्रूव्ड प्लस (प्रि-ओन्ड कार व्यवसाय) में 73 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

देश में ऑडी इंडिया ने अपने प्रि-ओन्ड कार व्यवसाय, ऑडी अप्रूव्ड प्लस का विस्तार जारी रखा है। वर्तमान में देश के सभी प्रमुख केंद्रों में 18 ऑडी अप्रूव्ड प्लस शोरूम के साथ परिचालन कर रहा। ऑडी इंडिया तेजी से विस्तार कर रहा है और 2022 के अंत तक कंपनी की 22 प्रि-ओन्ड कार सुविधाएं होंगी।

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, पहले नौ महीनों में हमारे प्रदर्शन ने बचे हुए वर्ष में सकारात्मक प्रदर्शन की नींव रखी है। सेमीकंडक्टर की कमी और वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला की चुनौतियों के बावजूद मजबूत विकास, ब्रांड और हमारे व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों के उत्साह को दोहराता है। आगामी त्योहारी सीजन के साथ, हम स्थायी मांग के दम पर अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

विद्युतीकरण रणनीति को आगे बढ़ाते हुए ऑडी इंडिया देश के 60 से अधिक शहरों में सफलतापूर्वक 100 से अधिक चार्जर स्थापित किए हैं।

## टाटा पावर करेगी राजस्थान में हरित ऊर्जा उत्पादन को दोगुना





**जयपुर ,08 अक्टूबर 2022।** टाटा पावर ने कहा कि अगले पांच वर्षों में कंपनी की राजस्थान में 8,000 मेगावाट बिजली सुविधाओं संबंधी परियोजनाओं, 1,000 मेगावाट की सौर रूफटॉप और 1,50,000 सौर पंपों को विकसित करने की योजना है।

राजस्थान में निवेश सम्मेलन में भाग लेते हुए टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी प्रवीर सिन्हा ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में कंपनी के पास राज्य में 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो होने की योजना है। श्री सिन्हा ने कहा कि कंपनी ने राज्य में 5,000 मेगावाट की कुल बिजली उत्पादन क्षमता लगाने के लिए निवेश किया था जिसमें से 2,000 मेगावाट पहले से ही चालू है और शेष 3,000 मेगावाट विभिन्न चरणों में है जो आगामी 12-24 महीनों में पूरा हो जाएगी।

# ये आदतें मानसिक स्वास्थ्य के लिए खड़ी कर सकती हैं मुसीबत,आप भी तो नहीं कर रहे ऐसी गलतियां?

मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। विशेषकर कोरोना महामारी के बाद से मनोरोग विकार के मामले काफी तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के कारण कई प्रकार के शारीरिक स्वास्थ्य विकारों का भी जोखिम रहता है, कुछ मामलों में इसे उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों के गंभीर मामलों के लिए संभावित कारण भी पाया गया है। यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह देते हैं।

वैश्विक स्तर पर बढ़ रही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और इस



बढ़ते खतरे को कम करने के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

भोपाल स्थित अपोलो हॉस्पिटल में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष सिंह बताते हैं, शोध में पाया गया है कि दिनचर्या की कई आदतें भी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती जा रही हैं। अक्सर इन बातों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता है जिसके गंभीर परिणाम देखे जा सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए लाइफस्टाइल को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है। आइए जानते हैं कि दिनचर्या की किन आदतों को मानसिक स्वास्थ्य विकारों को बढ़ावा देने वाला माना जाता है, इस बारे में सभी लोगों को सतर्कता बरतते रहने की आवश्यकता है।

### नींद विकारों के कारण बढ़ रही है समस्या

अध्ययनकर्ताओं ने पाया है कि जिन लोगों की रात की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें समय के साथ चिंता-तनाव और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अन्य लोगों की तुलना में अधिक होता है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए अच्छी नींद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके शरीर और दिमाग को आराम देती है।



नींद न आना आपके मूड, ऊर्जा के स्तर, प्रेरणा और मानसिक सेहत को प्रभावित कर सकता है। यदि आपको भी नींद से संबंधित दिक्कत है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर ले लें। सभी वयस्कों को रात में 6-8 घंटे की नींद प्राप्त करना बहुत आवश्यक माना जाता है।

### सोशल आइसोलेशन के दुष्प्रभाव

कोरोना महामारी के दौरान वायरस के संक्रमण से बचने के लिए लोगों को सोशल आइसोलेशन की सलाह दी जाती थी, हालांकि अगर यह आपकी आदत बन गई है तो इसके भी मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

डॉक्टर्स आशुतोष कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए ताजी हवा में जाना और लोगों से मिलते-जुलते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। शोध में भी पाया गया है कि ताजी हवा में सांस लेना और सूरज के संपर्क में रहना आपके दिमाग के लिए अच्छा है। घर के अंदर रहने की आदत आपमें चिंता-तनाव जैसे विकारों के जोखिम को बढ़ा सकती है।

### आहार में करें सुधार

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में आहार की विशेष भूमिका होती है। जंक-प्रोसेस्ड फूड्स खाने की आदत आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। अक्सर जंक फूड खाने के बजाय, अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए फाइबर, विटामिन से भरपूर और साबुत अनाज वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। हम जिस प्रकार के आहार का सेवन करते हैं वह सीधे तौर पर हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।

### स्क्रीन टाइम का बढ़ना खतरनाक

स्क्रीन टाइम यानी किसी भी प्रकार के स्क्रीन पर अधिक समय बिताने की आदत आपके मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर तौर से प्रभावित कर सकती है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि स्क्रीन पर अधिक समय बिताने वाले लोगों में अवसाद, चिंता और ब्रेन फॉग जैसे विकारों और नकारात्मक भावनाओं के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। मनोरोग विशेषज्ञ कहते हैं, इसी कड़ी में सभी लोगों को सोशल मीडिया से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए, बार-बार दिखने वाली नकारात्मक कंटेंट्स का मानसिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकता है।

# विशेषज्ञों की सलाह-स्वस्थ रहना है तो अभी बदल लें कुकिंग ऑयल,इन तेलों का सेवन है फायदेमंद

स्वस्थ आहार के बारे में बात करते हुए अक्सर हम सभी फलों-सब्जियों की तो चर्चा कर लेते हैं, पर कुकिंग ऑयल को नजरअंदाज कर दिया जाता है। शोध बताते हैं कि रिफाइंड ऑयल्स के बढ़ते सेवन के कारण कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ता जा रहा है। कोलेस्ट्रॉल से लेकर हाई ब्लड-प्रेशर और मोटापा बढ़ाने तक में इन तेलों की भूमिका पाई गई है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को खाने के तेलों में बदलाव करने की सलाह दी है। डॉक्टर्स कहते हैं बढ़ते हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में भी तेलों के सही चयन पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर में योगदान करते हैं जिससे हृदय रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है। कुछ प्रकार के तेलों को मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स का अच्छा स्रोत पाया गया है, इसे आहार में शामिल करना बेहतर विकल्प हो सकता है।



वहीं रिफाइंड ऑयल्स बैड कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स और इंसुलिन के स्तर को बढ़ा देते हैं। इस तेलों में पाया जाने वाला ट्रांस फैट कैंसर, मधुमेह, मोटापा और प्रजनन समस्याओं को भी ट्रिगर कर सकता है। आइए जानते हैं कि सेहतमंद रहने के लिए किन तेलों का सेवन करना बेहतर विकल्प हो सकता है?

### ऑलिव ऑयल से लाभ

खाना बनाने के लिए ऑलिव ऑयल को प्रयोग में लाने को स्वास्थ्य विशेषज्ञ बेहतर विकल्प मानते हैं। अध्ययनों में इसे सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी पाया गया है। ये एंटीऑक्सिडेंट्स और उन तत्वों का बेहतर स्रोत माने जाते हैं जो कई प्रकार के क्रोनिक रोगों के जोखिम को कम कर सकते हैं। ऑलिव ऑयल को शरीर से सूजन को कम करने, ब्लड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हुए हृदय रोगों से सुरक्षित रखने वाला माना जाता है।

### सरसों के तेल का करें प्रयोग

सरसों के तेल का प्रयोग लंबे समय से भोजन के लिए किया जाता रहा है, इसे संपूर्ण सेहत के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सरसों के तेल के खाना पकाने



और चिकित्सकीय, दोनों उपयोग हैं। इसमें ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड होते हैं और इसमें सेचुरेटेड फैट की मात्रा कम होती है। सरसों का तेल न केवल भोजन के स्वाद को बढ़ाता है बल्कि यह त्वचा से संबंधित कई बीमारियों को भी ठीक करने में भी काफी लाभकारी है।

### सूरजमुखी का तेल

सूरजमुखी के तेल को हृदय रोगियों के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स के साथ के साथ बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाले तत्व भी पाए जाते हैं जिससे हृदय रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि सूरजमुखी के तेल का सेवन करने वाले लोगों में इंफ्लामेशन का जोखिम भी कम होता है जिससे हृदय से संबंधित समस्याएं दूर रहती हैं।

### इन तेलों से करें परहेज

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं बढ़ती बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए हमेशा स्वस्थ आहार का ही सेवन करें। इसमें सही तेलों का चयन भी काफी महत्वपूर्ण है। हमेशा शुद्ध तेलों का सेवन करें। रिफाइंड ऑयल्स में कई ऐसे तत्व पाए गए हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हृदय रोग, मधुमेह के रोगियों के लिए सूरजमुखी या फिर ऑलिव ऑयल के सेवन को बेहतर माना जाता है।

CMYK

# मानवाधिकार परिषद में पारित प्रस्ताव को स्वीकार करने में मूड में नहीं है श्रीलंका

**कोलंबो , 08 अक्टूबर 2022।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में श्रीलंका खिलाफ प्रस्ताव पारित होने के बाद रानिल विक्रमसिंघे सरकार देशवासियों को दोस्त और दुश्मन देशों के बारे में जानकारी देने में जुट गई है। जिन देशों प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और जो मतदान के दौरान गैर-हाजिर रहे, उन्हें श्रीलंका सरकार खास शुक्रिया अदा कर रही है। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी पहले ही कह चुके हैं कि इस प्रस्ताव का मानवाधिकारों के संरक्षण से कोई संबंध नहीं है, बल्कि इसका पारित होना बदली भू-राजनीति का परिणाम है।

श्रीलंका की तमिल आबादी के मानवाधिकारों के कथित हनन के मुद्दे पर लाए गए प्रस्ताव के पक्ष में 20 देशों ने मतदान किया। सात देशों ने इसका विरोध किया। 20 देश मतदान से गैर-हाजिर रहे। जिन सात देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया, उनमें श्रीलंका के अलावा चीन और पाकिस्तान शामिल हैं। जो 20 देश गैर-हाजिर रहे, उनमें भारत, जापान, इंडोनेशिया, कतर, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।



मतदान का नतीजा आने के बाद श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने वेबसाइट इकोनॉमीनेक्स्ट.कॉम को फोन पर दिए एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि मतदान का नतीजा अनुमान के मुताबिक ही है। कई देशों पर प्रस्ताव के पक्ष में वोट डालने के लिए भारी दबाव डाला गया। उन्होंने कहा- 'इसीलिए हमें परिमाण पहले से मालूम था। यूएनएचआरसी की संरचना बदल गई है। हमारे कई मित्र देश अब इस संस्था में मौजूद नहीं हैं।'


पर्यवेक्षकों के मुताबिक गुरुवार को पारित हुए प्रस्ताव में श्रीलंका के खिलाफ जैसी सख्त भाषा का इस्तेमाल हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। वैसे श्रीलंका के खिलाफ यूएनएचआरसी में 2009 से ही प्रस्ताव पेश होता रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक ये प्रस्ताव पारित हो जाने से श्रीलंका के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी दिक्कत पेश आ सकती है। यूरोपियन यूनियन (ईयू) जैसे व्यापार भागीदार कारोबार में संबंधित देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर भी ध्यान देते हैं। ईयू पहले ही धमकी दे चुका है कि कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संधियों का पालन ना करने के कारण वह श्रीलंका को दी गई व्यापार रियायतों से उसे वंचित कर सकता है। प्रस्ताव 'श्रीलंका में मेलमिलाप, जवाबदेही और मानव अधिकारों को प्रोत्साहन' शीर्षक से पेश किया गया। इसे पेश करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, कनाडा, मलावी, मोन्टेनेगरो और उत्तर मेसिडोनिया शामिल हैं। 2009 में श्रीलंका में 26 साल तक चला गृह युद्ध खत्म हुआ था। उसके बाद से यूएनएचआरसी में श्रीलंका के खिलाफ कुल सात प्रस्ताव पारित हुए हैं।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि श्रीलंका को उन मूल समस्याओं को हल करना चाहिए, जिसकी वजह से वहां अभूतपूर्व आर्थिक संकट खड़ा हुआ है। इसमें कहा गया है कि मानवाधिकारों को प्रोत्साहन और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण एक दूसरे से जुड़े हुए उद्देश्य हैं। यूएनएचआरसी में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त ने श्रीलंका के खिलाफ एक रिपोर्ट पेश की। उसमें श्रीलंका को सलाह दी गई है कि वह अपना सैनिक खर्च घटाए, भ्रष्टाचार का निर्णायक ढंग से मुकाबला करे, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा में निवेश बढ़ाए। लेकिन विदेश मंत्री अली साबरी ने साफ कर दिया है कि श्रीलंका में मानवाधिकारों के हनन संबंधी साक्ष्य जुटाने के किसी विदेशी प्रयास का श्रीलंका सरकार समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा है कि इसकी इजाजत देना श्रीलंका के संविधान का उल्लंघन होगा।

# रूस से तेल खरीदने के लिए किसी ने मना नहीं किया, जहां से मिलेगा वहां से लेंगे

**वाशिंगटन , 08 अक्टूबर 2022।** केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को अमेरिका के उर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और अमेरिका के बीच क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और रेन्यूवेबल एनर्जी की बड़े पैमाने पर एकीकरण का समर्थन करने के लिए न्यू एनर्जी टास्क फोर्स शुरू करने की घोषणा की गई।





इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने रूस से तेल आयात पर खुल कर जवाब दिया। उन्होंने कहा, अपनी जनता को ऊर्जा उपलब्ध कराना भारत सरकार का नैतिक कर्तव्य है और भारत को जहां से तेल मिलेगा, वह खरीदेगा। रूस से तेल के आयात के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, किसी ने भारत को रूस से तेल खरीदने से मना नहीं किया है। उन्होंने कहा, भारत कहीं से भी तेल खरीदेगा, इसका सीधा सा कारण है कि इस तरह की चर्चा को भारत की उपभोक्ता आबादी तक नहीं ले जाया जा सकता।

# संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद रोधी समिति की मुंबई में बैठक,मृतकों को दी जाएगी श्रद्धांजलि




**संयुक्त राष्ट्र , 08 अक्टूबर 2022।** इसी माह के अंत में मुंबई में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की एक अहम बैठक होगी। इसमें मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए (26/11) भीषण आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसमें संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संगठन के सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की अध्यक्ष व यूएन में भारत की दूत रुचिरा कंबोज ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई बैठक में मुंबई हमले के पीड़ितों की याद में पुष्पांजलि अर्पित कर बयान जारी किया जाएगा।

भारत वर्तमान में वर्ष 2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति का अध्यक्ष है। इस समिति की 28-29 अक्तूबर को मुंबई और नई दिल्ली में विशेष बैठक हो रही है। इसमें भारत सदस्य देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ के 15 देशों के राजनयिकों की मेजबानी करेगा।

कंबोज ने बताया कि यूएन की विशेष समिति की मुंबई में बैठक हो रही है। यह मुंबई में हुए भयावह आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर एक बयान भी जारी किया जाएगा। बता दें, पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारत में आतंकी भेजकर वर्ष 2008 में मुंबई में आतंकी हमला कराया था। इसमें 160 से अधिक लोग मारे गए थे। कंबोज ने कहा कि समिति के सदस्य उसी स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां यह घटना घटी थी। मुंबई हमले के स्मारक पर भी पुष्प अर्पित किए जाएंगे।

बता दें, 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद को भारत निर्वाचित अस्थायी सदस्य है। उसका दो साल का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। इस माह भारत इसकी अध्यक्षता भी करेगा। सुरक्षा परिषद के वर्तमान अध्यक्ष हैं अल्बानिया, ब्राजील, गैबान, घाना, भारत, आयरलैंड, केन्या, मेक्सिको, नार्वे, यूएई। इनके अलावा पांच स्थायी स्थाई सदस्य हैं चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका।

# क्रीमिया से जोड़ने वाले एकमात्र पुल पर धमाके के बाद आग,यूक्रेन जंग में बढ़ेगी रूस की मुश्किलें

**मॉस्को , 08 अक्टूबर 2022।** यूक्रेन जंग के बीच एक और बड़ी खबर आई है। रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले एकमात्र पुल पर एक लॉरी में धमाके के बाद आग लग गई। इस कारण वहां स्थित सड़क व रेलवे मार्ग से गुजर रहे कई तेल टैंकरों ने आग पकड़ ली। इसी पुल से रूस यूक्रेन में सैन्य उपकरण भेजता है, इसलिए इस घटन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

रूस के सरकारी मीडिया का कहना है कि रूसी कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप और रूस के बीच स्थित क्रॉसिंग पर स्थित पुल पर एक लॉरी में विस्फोट के कारण यह आग लगी। घटना के वीडियो फुटेज में वहां से गुजर रही एक ट्रेन में भी आग लगी दिखाई दे रही है। इसके साथ ही बगल के रोड क्रॉसिंग पर भी टैंकर जलते नजर आए।



क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था। रूस इसी पुल के जरिए यूक्रेन जंग के लिए सैन्य साजो सामान भेज रहा है। आग लगने की घटना से यह आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। रूसी मीडिया के अनुसार इस इलाके में ट्रैफिक रोक दिया गया है।


रूसी एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति (एनएसी) के हवाले से बताया कि आज छह बजे से तमन प्रायद्वीप की ओर से क्रीमियन पुल के सड़क वाले हिस्से में एक ट्रक को धमाके से उड़ा दिया गया। इससे क्रीमिया प्रायद्वीप की ओर जाने वाली एक ट्रेन के सात तेल टैंकरों में आग लग गई।आग बुझाने का काम चल रहा है।यह पुल केर्च जलडमरूमध्य पर है। इस पुल को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2018 में खोला था।

यह पुल इसे यूक्रेन की सेना का प्रमुख निशाना रहा है। यूक्रेन रूसी सेना की रसद रोकने के लिए उस पर लगातार हमला कर रहा है। यह क्रॉसिंग यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्र से 100 मील से अधिक दूर है। आग की वजह अभी पता नहीं चली है। यूक्रेन के हमले से आग की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, हवाई हमले की बजाए, नीचे से हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# 'अमेरिकी सपना गलत हो गया': अमेरिका में मारे गए मृतक की पत्नी ने बयां किया दर्द,नहीं थम रहे परिवार के आंसू

**सैन फ्रांसिस्को, 08 अक्टूबर 2022।** अमेरिका में मारे गए सिख परिवार के चार सदस्यों में से एक अमनदीप सिंह की पत्नी जसप्रीत कौर ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनका अमेरिकी सपना गलत हो गया। अब अमेरिका के बारे में सोचकर भी रूह कांप उठती है। जसप्रीत ने कहा कि उनके परिवार ने अमेरिका में अप्रवासियों के रूप में, अपने और अपने परिवार की सुरक्षा हासिल करने के लिए 18 वर्षों तक कड़ी मेहनत की। लेकिन उन्हें सिर्फ दर्द मिला। उन्होंने कहा कि आठ माह की बच्ची ने क्या गुनाह किया जो उसकी जान ले ली गई। जसप्रीत ने कहा कि कि दोनों भाई परिवार में एकमात्र कमाने वाले थे और अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करते थे।







अपहरण के बाद सिख परिवार के चार सदस्यों की हत्या की गई थी बता दें कि अमेरिका में एक सिख परिवार के चार सदस्यों की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी मृतकों में एक दंपती, उनकी आठ महीने की बच्ची व बच्ची का चाचा शामिल थे। चारों पंजाब के होशियारपुर मूल के सिख एनआरआई परिवार के सदस्य थे। आशंका है कि अपहर्ता ने ही चारों की हत्या कर दी। बता दें, अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के मर्सिड शहर में सोमवार को चार भारतवंशियों जसदीप सिंह, उनकी पत्नी जसलीन कौर, उनकी बच्ची आरुही और जसदीप के भाई अमनदीप सिंह का अपहरण कर लिया गया था। चारों के शव एक बगीचे में पाए गए थे।

**हत्यारा सिख परिवार के यहां काम करता था**

अमेरिका में सिख परिवार के चार सदस्यों की हत्या मामले में एक खुलासा भी हुआ है जिसमें पता चला है कि आरोपी पहले परिवार के लिए ही काम करता था, लेकिन बीते एक साल से उसका परिवार के साथ विवाद चल रहा था। उन्होंने कहा, इस मामले में आरोपी के साथी की तलाश की जा रही है। शेरिफ वर्न वार्नके ने बताया कि 48 वर्षीय आरोपी जीसस मैनुअल सालगाडो अस्पताल में भर्ती है। सालगाडो को पहले ही डकैती के एक मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और उसे 11 साल की सजा सुनाई गई थी। वह 2015 में रिहा हुआ था। शेरिफ ने कहा, इस बात का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी सिख परिवार के साथ किस तरह से जुड़ा हुआ था और उनके बीच विवाद किस बात को लेकर था।

# इक्वाडोर जेल में दंगों में 5 की मौत,23 घायल

**क्विटो ,07 अक्टूबर 2022।** इक्वाडोर की जेल व्यवस्था को खराब करने के लिए हुए ताजा दंगे में कम से कम पांच कैदियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। इक्वाडोर की जेल प्रशासन एजेंसी ने ट्वीट किया कि दंगों में घायल हुए लोगों में से 18 कैदी थे और पांच पुलिस अधिकारी थे। एजेंसी ने दक्षिण-पश्चिम बंदरगाह शहर गुआयाकिल की एक जेल में दंगे को प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों के बीच संघर्ष के रूप में वर्णित किया और %इस दर्दनाक समय में परिवारों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। जेल पर नियंत्रण के लिए होड़ कर रहे मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों द्वारा हाथापाई के दौरान आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल किया गया। केंद्रीय शहर लताकुंगा में हुई झड़प के बाद इस सप्ताह यह दूसरा जेल दंगा था, जिसमें एक ज्ञात ड्रग तस्कर सहित 16 कैदी मारे गए थे और 43 लोग घायल हो गए थे। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं।

# आतंकवादियों ने पाकिस्तानी मंत्री समेत दो विदेशी नागरिकों का किया अपहरण,छोड़ने के लिए रखी ये मांग

**इस्लामाबाद , 08 अक्टूबर 2022।** जेल में बंद अपने साथियों की रिहाई की मांग को लेकर आतंकवादियों ने पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा को गिलगित-बाल्टिस्तान से जोड़ने वाले हाईवे को जाम कर दिया है। इसके बाद वहां फंसे एक वरिष्ठ मंत्री बेग हुंजा और दो विदेशी नागरिकों का अपहरण कर लिया गया। बेग हुंजा इमरान खान की पार्टी PTI से जीते हुए विधायक हैं। वहीं सभी की रिहाई के लिए अब अपहरणकर्ता से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इस बीच पाकिस्तानी मीडिया ने ताजा जानकारी देते हुए बताया कि, जीबी के मोस्ट वांटेड आतंकवादी कमांडर हबीबुर रहमान गुट के आंतकवादियों ने डायमेर के चिलास के ठाक गांव में सड़क को जाम किया है। सड़क से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया और दोनों तरफ यात्री फंस गए। हबीबुर रहमान पर नंगा पर्वत में 10 विदेशियों की हत्या करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि जिन आतंकवादियों की रिहाई की मांग की जा रही है वो विदेशियों की हत्या में शामिल रहे है।



**मंत्री का सामने आया ऑडियो क्लिप**

वहीं सोशल मीडिया में जीबी के वरिष्ठ मंत्री अबैदुल्ला बेग का एक ऑडियो भी सामने आया है। ऑडियो में बेग को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि वह इस्लामाबाद से गिलगित जा रहे थे। लेकिन आतंकवादियों ने बीच रास्ते में अपने सहयोगियों की जेल से रिहाई की मांग को लेकर हाईवे को जाम कर दिया। हालांकि, इसके कुछ देर बाद जब मंत्री से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन बंद आया। अब अपहरणकर्ता से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

# चीन का यह शहर 5 लाख लोगों को देगा मुफ्त टिकट,आर्थिक तंगी या वजह कोई और?



**हॉन्गकॉन्ग , 08 अक्टूबर 2022।** अगर आप भी मुफ्त में हॉन्गकॉन्ग की यात्रा करना चाहते हैं तो आपके पास बड़ा मौका है। दरअसल, यहां की सरकार ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ विदेशी टूरिस्टों को पांच लाख मुफ्त एयर टिकट बांटने का फैसला लिया है। सरकार के इस कदम कि पीछे का उद्देश्य कोरोना की मार झेल रहे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देना है। ये टिकट अगले साल से बांटे जाएंगे। हॉन्गकॉन्ग सरकार को इन टिकटों पर करीब 21 अरब रुपये खर्च आएंगे। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी हॉन्गकॉन्ग (ाप्र) के प्रवक्ता ने कहा कि साल 2020 में राहत पैकेज के तहत विमानन इंडस्ट्री को सपोर्ट करने के लिए, ाप्र ने देश की एयरलाइनों से एडवांस में पांच लाख टिकट खरीदे थे। टिकट खरीदने का उद्देश्य एयरलाइनों की वित्तीय हालत को सुधारना था।

**कोरोना के बाद टूरिस्टों की संख्या में आई भारी कमी**

बता दें कि हॉन्गकॉन्ग विदेशी टूरिस्टों के घूमने के लिए एक शानदार डेस्टिनेशन है। यहां कोरोना से पहले हर साल 56 लाख टूरिस्ट घूमने के लिए आते थे लेकिन कोरोना के बाद दो साल तक लगे यात्रा प्रतिबंधों के चलते यहां के टूरिज्म उद्योग पर बुरा असर पड़ा है।

**जीरो कोविड पॉलिसी हॉन्गकॉन्ग पर पड़ा भारी**

बता दें कि, हॉन्गकॉन्ग की कोविड-19 क्वारंटीन पॉलिसी के चलते दुनिया के दूसरे देश के लोग यहां आने से बच रहे थे। दरअसल, यहा की क्वारंटीन पॉलिसी के तहत विदेश से आने वाले यात्रियों को अपने खर्च पर 21 दिन तक होटल रूम में रुकना होता था।

**भारी घाटे से उबरने के लिए क्वारंटीन की अवधि किया कम**

बीते 26 सितंबर को हॉन्गकॉन्ग ने क्वारंटीन की अवधि को सात दिन से कम करके तीन दिन कर दिया। स्थानीय लोगों के साथ विदेशी टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर से को हवाई टिकट बुक करने के लिए प्रेरित किया। प्रवेश की मंजूरी मिलने के बाद टूरिस्टों को तीन दिन की सेल्फ मॉनिटरिंग पीरियड में रहना होगा और इस दौरान उन्हें रेस्टोरेंट में खाना खाने और बार में जाने की मनाही होगी।

# मूडीज के झटके से और लड़खड़ाया पाकिस्तान, विदेशी ऋण मिलने में होगी और मुश्किल

**इस्लामाबाद, 08 अक्टूबर 2022।** मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने साख रेटिंग को गिरा कर पाकिस्तान की मुसीबत और बढ़ा दी है। मूडीज ने पाकिस्तान की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को बी-3 से गिरा कर सीएए-1 कर दिया है। उसने कहा है कि हाल में आई भीषण बाढ़ के बाद पाकिस्तान की विदेशी वित्तीय जरूरतें बढ़ गई हैं, जिससे भुगतान संतुलन का उसका संकट और गहराने का जोखिम पैदा हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि मूडीज के इस फैसले से पाकिस्तान के लिए विदेशी ऋण प्राप्त करना और मुश्किल हो जाएगा।

पाकिस्तान के लिए खास चिंता का विषय उसे दिए गए कर्ज की सुरक्षा के बारे में मूडीज का आकलन है। मूडीज ने कहा है कि बढ़ रही ब्याज दर और कमजोर हो रही राजस्व उगाही की वजह से पाकिस्तान के लिए समय पर ऋण भुगतान करना और मुश्किल होता जा रहा है। उसने ध्यान दिलाया है कि सरकार के राजस्व का अब अधिक हिस्सा ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। इसके बीच अपनी आबादी की जरूरतों को पूरा करते हुए ऋण के मूलधन को चुकाना उसके लिए और भी ज्यादा कठिन हो गया है।



पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया से यह साफ है कि मूडीज के फैसले से उसे सदमा पहुंचा है। इस निर्णय से होने वाली दिक्कतों का उसे अहसास है। इसीलिए क्रेडिट रेटिंग में गिरावट की खबर के कुछ ही समय बाद वित्त मंत्रालय ने कड़े शब्दों में एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि रेटिंग एजेंसी ने बिना उससे या पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक- स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान- से राय-मशविरा किए ये घोषणा कर दी। वित्त मंत्रालय ने दावा किया है कि बीते कुछ महीनों में सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों के कारण राजकोषीय स्थिति सुधरी है।

मूडीज के एलान के तुरंत बाद अंतरराष्ट्रीय निजी संस्थानों ने पाकिस्तान के जो बॉन्ड खरीदे हैं, उनके मुल्य में तुरंत गिरावट आई। अमेरिकी थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल में एशिया सेंटर के निदेशक उजैर यूनुस ने बताया कि पाकिस्तान के यूरोबॉन्ड्स के मूल्य में 50 से लेकर एक अंक तक की गिरावट आई है। यूनुस के मुताबिक फिलहाल पाकिस्तान के यूरोबॉन्ड बाजार में श्रीलंका के यूरोबॉन्ड्स से 10 से 12 अंक ऊपर के मूल्य पर ही बिक रहे हैं, जबकि श्रीलंका खुद को डिफॉल्टर (कर्ज चुकाने में अक्षम) घोषित कर चुका है।

पाकिस्तान को लगे ताजा वित्तीय झटके से विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को सरकार को घेरने का एक नया मौका मिला है। पीटीआई के नेता असद उमर ने कहा है कि जिस समय शहबाज शरीफ सरकार अपने विरोधियों को गिरफ्तार करवाने में जुटी हुई है, देश गर्त में जा रहा है। इमरान खान के नेतृत्व वाली पूर्व पीटीआई सरकार में वित्त मंत्री रहे शौकत तरीन ने ध्यान दिलाया कि पीटीआई की सरकार गिरने के बाद से मूडीज देश की क्रेडिट रेटिंग को दो बार गिरा चुका है।

निष्पक्ष विश्लेषक भी इस बात से सहमत हैं कि दुनिया भर में बढ़ रहे ब्याज दरों के बीच पाकिस्तान के लिए कर्ज चुकाना लगातार कठिन होता जा रहा है। ऐसे में उसके कर्ज की सुरक्षा को लेकर बढ़ रही चिंता निराधार नहीं है।

# युवक कांग्रेस अध्यक्ष सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

## एक बार फिर पुलिस के कार्यवाही पर उठे सवाल,सात माह पुराना मामला आखिर क्यों रहा दबा?

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर 08 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
एक बार फिर छत्तीसगढ़ घिरी सवालों के घेरे में सात माह पुराने मामले पर अब हुई कार्यवाही वह गिरफ्तारी आखिर सात माहिने तक क्यों दबा था मामला और क्यों नहीं हो रहा था कार्यवाही? जबकि मामला नाबालिक के साथ दुष्कर्म से जुड़ा अतिसंवेदनशील था? एमसीबी नवीन जिला अंतर्गत भरतपुर सोनहत विधानसभा के नागपुर नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज सहित चार अन्य युवकों पर एक नाबालिक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है और मामले में एक युवती पर भी आरोप है कि उसने ही नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर युवकों के हवाले किया था जिसके बाद युवकों ने नाबालिक युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार पूरा मामला जो सामने आया है उसके अनुसार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नागपुर नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज एवम उसके चार अन्य साथियों पर सामुहिक दुष्कर्म का आरोप लगा है वह भी 15 वर्ष की नाबालिक युवती का नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस नागपुर शाहनवाज के साथ जिन अन्य चार युवकों का नाम सामुहिक दुष्कर्म की घटना में नाबालिक युवती के आरोप लगाने के बाद सामने आया है। जिसमें राजा, अनुराग, निक्की व सोनू के नाम शामिल हैं, पूरी घटना में युवक कांग्रेस अध्यक्ष नागपुर शाहनवाज को मुख्य आरोपी एवम मुखिया बताया जा रहा है वहीं अन्य चार इस घटना में उसके सहयोगी थे, पूरे मामले में पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए मुख्य आरोपी युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष शाहनवाज सहित तीन अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं एक आरोपी अभी फरार है ऐसी सूचना है, वहीं मामले में संलिप्त एवम नाबालिक युवती को नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस नागपुर शाहनवाज को बहला फुसलाकर सुपुर्द करने वाली युवती भी फरार बताई जा रही जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### चिरमिरी पुलिस थाने में मामला हुआ पंजीबद्ध आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

नाबालिक युवती द्वारा एमसीबी जिले के चिरमिरी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई और जिसके बाद अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने 363, 366, 376डी, पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपियों की गिरफ्तारी की है। पांच आरोपियों में से मुख्य आरोपी युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष नागपुर सहित तीन अन्य की गिरफ्तारी हो चुकी है वहीं एक अन्य के फरार होने की बात सामने आ रही है।

### दो अलग-अलग मामले में किया गया है अपराध पंजीबद्ध

मामले में दो अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया गया है, नाबालिक युवती के बयान के अनुसार युवकों ने युवती के साथ दो दिनों तक सामुहिक दुष्कर्म किया और यह दोनों दिन युवकों ने युवती को अलग अलग जगह ले जाकर घटना को अंजाम दिया? कोरिया जिले के एक घर सहित बिलासपुर के एक होटल में ले जाकर घटना को अंजाम देने की वजह से पुलिस ने दो अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया है। जैसा कि मामले में सामने आया है कि युवती को पहले दिन दो युवकों ने दुष्कर्म किया तो दूसरे दिन तीन युवकों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म का मुख्य आरोपी नगर अध्यक्ष युवक कांग्रेस नागपुर शाहनवाज अपने साथियों के साथ दो दिनों तक घटना को अंजाम देता रहा जैसा कि युवती ने पुलिस को बताया।



### सात महीने पुराने मामले में पीड़िता ने अब कराया अपराध दर्ज

पुलिस के अनुसार इस पूरे मामले में सात महिने बीत जाने के बाद सामुहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है और इस विलंब का कारण पुलिस कह रही है कि सात महिने बाद पीड़िता ने मामला दर्ज करायी पर वहीं सूत्रों की माने तो पुलिस ने राजनीति दबाव में इस पूरे मामले को सात महिने तक दबा रखा था जबकि यह मामला सामने आया तो पुलिस की किरकिरी हो रही है। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या उच्च अधिकारी ऐसे पुलिसकर्मीयों पर कार्यवाही करेंगे?

### विपक्ष ने कहा आरोपियों को हो फांसी की सजा,भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंक किया विरोध

मामले में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने कहा कि मामले में आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ धर्मेंद्र पटवा ने आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है, पूरे मामले में भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है अवैध कार्य बड़े स्तर पर हो रहा है और पुलिस का भय अपराधियों के बीच खत्म हो गया है। कानून व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है, वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री, पूर्व विधायक सहित भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और कानून व्यवस्था की स्थिति पर सरकार को आड़े हांथों लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश में सरकार के भतीजों की वजह से अब नाबालिक लड़कियां भी सुरक्षित नहीं हैं जो चिंताजनक स्थिति है,इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भइयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक मनेंद्रगढ़ दीपक पटेल, पूर्व विधायक मनेंद्रगढ़ श्याम बिहारी जायसवाल सहित भाजपा कोरिया के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल उपस्थित रहे उनके साथ सैकडों भाजपा कार्यकर्ता भी इस दौरान मौजूद रहे।

### सत्ता के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद

शारदा प्रसाद गुप्ता ज़िला महामंत्री भाजयुमो कोरिया ने कहा की अपराधियों की सुनवाई एवं सजा फ़ास्ट ट्रेक अदालत के माध्यम निर्धारित की जाए, वर्तमान शासन में अपराधियों के हौसले बुलंद है एवं प्रदेश की क़ानून व्यवस्था लगातार बदहाल हो रही है। सत्ता के नशे में चूर सत्ता के क़रीबियों के द्वारा समाज में लगातार आपत्तिजनक कार्यों के साथ साथ आपराधिक कृत्य किये जा रहे है। उपरोक्त कथन भाजयुमो ज़िला महामंत्री शारदा प्रसाद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा युवा मोर्चा ज़िला महामंत्री ने गत दिवस हुई दो प्रमुख घटनाओं का ज़िक्र करते हुए कि लगातार बड़े मामलों का खुलासा हो रहा है, प्रथम घटना गत दिवस की है जिसमें बताया गया है कि युवक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष एवं उनके सहयोगियों द्वारा नाबालिक लड़की का सामूहिक बलात्कार का जघन्य कृत्य किया गया है। कुछ आरोपियों की गिरफ़्तारी हुई है एवं कुछ अभी भी फ़रार है। प्रशासन को ध्यान रखना होगा कि किसी भी दबाव में इन अपराधियों पर कार्यवाही ना रुके। साथ ही कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान किया जावे। अपराधियों का मनोबल तब अधिक बढ़ जाता है जब उनके द्वारा किए गए अनैतिक कार्यों को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का खुला संरक्षण मिलता है। कुछ इसी तरह का मामला देखने में आया था जब खड़गवाँ में रावण दहन कार्यक्रम के दौरान अश्लील नृत्य एवं नृत्य कर रही युवतियों के ऊपर नोट उड़ाए जाने की खबरों का प्रकाशन विभिन्न मीडिया में हुआ। एक तो त्योहारों के स्वयं में जिसमें युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित ज़िलाअध्यक्ष सहित विभिन्न पुलिस अधिकारी एवं आर ई एस विभाग के कर्मचारी के सम्मिलित होने की बात कही जा रही है। किंतु अभी तक ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिस तरह से वीडिओ, तस्वीरों इत्यादि में देखा जा रहा है इस तरह का कार्यक्रम हिंदू संस्कृति एवं त्योहारों को विकृत करने का काम किया जा रहा है। ऐसा करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। हिंदू धर्म में जहां एक ओर महिलाओं को देवीस्वरूपा समझ कर उनकी पूजा अर्चना की जाती है एवं दशहरा का त्योहार स्वयं में बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाता है ऐसे में नारी सम्मान के इन त्योहारों पर आयोजकों पर कांग्रेसी नेताओं पर एवं इसमें लिप्त पुलिस कर्मचारियों एवं शासकीय कर्मचारियों का यह कृत्य दर्शाता है कि कांग्रेस का हाथ किस प्रकार से अपराधियों के साथ है। युवा मोर्चा द्वारा ज़िले के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में अपराधियों एवं उन्हें संरक्षण करने वालों के विरुद्ध पुतला दहन एवं आंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। ताकि इन मामलों के विरुद्ध समाज का आक्रोश प्रदर्शित हो तथा किसी भी प्रकार से अपराधियों को बचाने की कोशिशें ना की जा सके।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल व राजीव भवन के उद्घाटन के मौके पर आमंत्रित मुख्य अतिथि महापौर हुए उपेक्षा के शिकार

-राजा मुखर्जी-
कोरबा,08अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
जमनीपाली में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल व राजीव भवन के उद्घाटन के मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद की उपेक्षा की गई। बतौर मुख्य अतिथि उन्हें आमंत्रित किया गया था, पर उनके पहुंचने से पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया। इस पर महापौर ने आयुक्त से नाराजगी व्यक्त की और कार्यक्रम में शामिल होने की जगह वापस लौट आए। परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन पूरे राज्य समेत जिले में भी किया जा रहा। दर्री जमनीपाली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 49 (शक्तिनगर क्रमांक एक) में राजीव युवा मितान क्लब की ओर से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने महापौर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी व वार्ड पार्षद व एमआइसी सदस्य रोपा तिर्की पहुंचे, पर इससे पहले ही कार्यक्रम की शुरूआत कर दी गई। महापौर ने आरोप लगाते हुए कहा है कि आयुक्त प्रभाकर पांडेय ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया है। अधिकारी सुबह 11.40 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जबकि हम लोग पांच मिनट बाद 11.45 बजे पहुंचे। पांच मिनट भी उन्होंने इंतजार नहीं किया और कार्यक्रम की शुरुआत कर दी। जानबूझ कर अपमानित करने की दृष्टि से किए गए इस कार्य का मैंने विरोध किया।



वहां पर मौजूद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई। आयुक्त पांडेय ने सफाई देते हुए कहा कि कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ है, बच्चों को केवल ड्रेस उपलब्ध कराया गया है। अभी बच्चे वार्मअप हो रहे हैं। इस मौके पर पहला राजीव भवन का शुभारंभ किया जाना था, पर महापौर बिना फीता काटे वापस लौट गए। उधर राजीव मितान क्लब का समन्वयक पद को लेकर भी विवाद शुरू हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल व शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने बयान जारी कर समन्वयक की नियुक्त की गलत ठहराया है। उन्होंने कहा है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी मार्गदर्शिका में शासी निकाय, कार्यकारिणी केंद्रीय समिति, व जिला स्तरीय समिति के गठन के लिए जारी प्रारूप में समन्वयक पद का कही भी उल्लेख नहीं है। बावजूद राजीव युवा मितान क्लब के संचालन के संबंध में, प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में आयोजित की गई। बैठक में तथाकथित समन्वयक एवं अन्य अनाधिकृत सदस्यों को बुलाए जाने पर आपत्ति की है, साथ ही कहा है कि भविष्य में अगर इस प्रकार की पुनरावृत्ति होती है और नियम विरूद्ध बैठक बुलाई जाती है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# बिजली चोरी के मामले में ग्यारह लोगों पर दर्ज होगा अपराध

-संवाददाता-
कोरबा,08अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
जिले में बिजली चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है विद्युत वितरण विभाग जहां अपने बकायेदारों के घर-घर पहुंचकर बकाया राशि वसूल कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिन लोगों से बकाया राशि नहीं प्राप्त हुआ उनके लाइन डिस्कनेक्शन कर रही है ताकि अधिक से अधिक लोगों से बकाया राशि की वसूली की जा सके विद्युत वितरण विभाग की टीम ने पिछले दिनों ऐसे ही बकायेदारों के घर लाइन डिस्कनेक्शन किया था ,लेकिन कई ऐसे भी लोग हैं जो लाइन



डिस्कनेक्शन करने के बाद भी चोरी चुपके से लाइन जोड़ कर चोरी का बिजली इस्तेमाल कर रहे थे ऐसे लोगों की धरपकड़ करने के लिए बिलासपुर से बिजनेस टीम कोरबा पहुंची जिसके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में आवश्यक जांच किया गया जांच के दौरान ऐसे ग्यारह उपभोक्ता पाए गए थे ,उनका लाइन डिस्कनेक्शन होने के बाद भी चोरी चुपके से बिजली का तार जोड़कर बखूबी बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे ऐसे ग्यारह उपभोक्ता को विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है और अब उनके खिलाफ विद्युत वितरण विभाग पुलिस थानों में धारा 138 के तहत मुकदमा दर्ज कराएगी

# एसईसीएल क्षेत्र में साइलो का निर्माण कर रही समानता कंपनी में हादसा,एक की मौत दूसरा गंभीर

-संवाददाता-
कोरबा,08अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
जिले के एसईसीएल क्षेत्र में हुए बड़े हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम मनगांव की है। रेलवे के माध्यम से कोयला परिवहन करने के लिए साइलो का निर्माण कर रही समानता कंपनी में ये हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल मजदूर का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। मजदूरों ने बताया कि क्रेन चालक की लापरवाही से इतना बड़ा हादसा हुआ है। कुसमुंडा थाना प्रभारी राजेश जांगड़े ने बताया कि समानता कंपनी में रैक लोडिंग के लिए बनाए जा रहे बंकर में ऊंचाई पर कई मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से कुछ मजदूर लोहे के एक बड़े से पिलर को दूसरे लोहे पर जमा रहे थे। इसी दौरान क्रेन में लटका हुआ लोहा अनियंत्रित हो गया। इससे ऊंचाई पर काम कर रहे मजदूर भी अपनी जगह से फिसल गए। इनमें से 2 मजदूर लोहे के बड़े-बड़े पिलर से जा टकराए और सैकड़ों फीट की ऊंचाई पर सेफ्टी बेल्ट से हवा में लटक गए, ये देख बाकी मजदूरों ने तुरंत घटना की सूचना अपने अधिकारियों को दी। अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और अन्य कर्मचारियों की मदद से हवा में लटके मजदूरों को नीचे उतारा गया। दोनों को कोरबा के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां एक मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक मजदूर का नाम परदेस कुमार है, जो उमेदी भांठा भिलाई बाजार का रहने वाला था। वहीं दूसरे मजदूर का इलाज जारी है। इधर घटना के बाद क्रेन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर कुसमुंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। वहीं आरोपी क्रेन चालक की तलाश जारी है।



# बाड़ी विकास योजना बदल रही तकदीर

## मेहनत लायी रंग,शुरु हुआ टमाटर का बंपर उत्पादन,महिलाओं को मिला आय का अतिरिक्त साधन

-संवाददाता-
बैकुंठपुर 08 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।
मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सुराजी ग्राम योजना ग्रामीण अंचलों में निवास करने वालों के लिए लाभकारी साबित हुई है। नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजनांतर्गत बाड़ी विकास योजना से कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के दामुज गौठान में उद्यानिकी विभाग के द्वारा लगभग 0.250 एकड़ में बाड़ी विकसित किया गया है। यहां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बाड़ी देखरेख का जिम्मा उठाया है। समूह की अध्यक्ष विद्यावती बतातीं हैं कि समूह के सदस्य गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में भी संलग्न रहे हैं। समूह की सदस्यों को जब बाड़ी विकास योजना के बारे में पता चला तो हम सब बहुत उत्साहित हुए, क्योंकि पहले ही हम घरों में छोटे रूप में यह कार्य कर रहीं थी। हमें उद्यानिकी विभाग द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई, इसके साथ ही आधुनिक तकनीकी सहयोग द्वारा यहां अगस्त माह से हमने काम शुरू किया।

समूह की सदस्य सुमरिया बतातीं हैं कि समूह द्वारा बाड़ी में टमाटर लगाया गया है, ये अब पूरी तरह विक्रय के लिए तैयार है। हमने अभी शुरुआती दौर में लगभग 2 हजार रुपए के टमाटर का विक्रय भी कर लिया है, 15 से 18 हजार रुपए के टमाटर बाड़ी से और निकलेगा। बाड़ी से टमाटर निकालने का काम चल रहा है। वे बतातीं हैं कि वर्मी कम्पोस्ट के साथ बाड़ी का काम हमें बहुत अच्छा लगा, शासन की इस योजना ने घरेलू कार्य करने वाली हम जैसी महिलाओं को आयमूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक संबल दिया है। उम्मीद से अधिक टमाटर के उत्पादन से समूह की महिलाओं ने आगामी सीजन में बाड़ी क्षेत्र में विस्तार कर और भी सब्जियों के उत्पादन की योजना बनायी है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में कलेक्टर ने पिट्ठुल और बिल्लस खेलकर खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

-संवाददाता-
कोरबा,08अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेलों के महत्व को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर संजीव झा ने नगर निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत दर्री में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से मिलकर खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री झा ने इस दौरान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल पिट्ठूल और बिल्लस खेल कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने नागरिकों से पारंपरिक खेलों का महत्व बढ़ाने और प्राचीन खेलो को जीवंत बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की। जिले में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खेलने के लिए गांव के बच्चों से लेकर बड़ो में बहुत उत्साह नजर आ रहा है। गांव से लेकर शहर तक में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की चर्चा जोर-शोर से हो रही है। जिले में गांव-गांव में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पारम्परिक खेल गिल्ली-डंडा, लंगड़ी दौड़, पिट्ठुल, रस्साकसी, फुगड़ी, भौंरा, खो-खो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की 6 अक्टूबर से शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 6 जनवरी 2023 तक चलेगा। इस दौरान दलीय एवं एकल श्रेणी में 14 तरह के पारम्परिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, लंगड़ी दौड़, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा खेल का आयोजन होगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य नगरीय क्षेत्रों में युवा मितान क्लब स्तरीय प्रतियोगिता का शुरूआत किया गया। जिसमें गांव के युवाओं बच्चों महिलाओं सहित बुजुर्गो ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत राजीव युवा मितान क्लब स्तर से शुरू हुई है। इसके बाद जोन स्तरीय, फिर विकासखंड, नगरीय क्लस्टर स्तर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस प्रतियोगिता में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हो सकते हैं। पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग स्पर्धा के साथ ही टीम एवं एकल स्तर पर प्रतियोगिताएं होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में पारम्परिक खेल प्रतियोगिताएं दो श्रेणी में होंगी। इसमें दलीय श्रेणी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद शामिल है।





# आदिवासी समुदाय द्वारा करमा त्योहार धूमधाम से मनाया गया

-संवाददाता-
सूरजपुर ,08अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।।
प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी समुदाय का प्रसिद्ध दसई करमा पर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के गृह ग्राम बरपटिया में कर्मा प्रतियोगिता आयोजित कर काफी धूमधाम से मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिवभजन सिंह मरावी सपरिवार ग्रामवासियों के साथ मिलकर कर्म देवती एवं कुल देवी देवताओं का विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार सहित क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जिसके पश्चात आदिवासी संस्कृति को संरक्षित रखने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शिवभजन सिंह मरावी ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कर्मा नृतक महिला-पुरुषों के साथ मिलकर जमकर नाचे और मांदर भी बजाया और इस त्यौहार को यादगार बनाया।प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरपटिया में जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास में कर्मा प्रतियोगिता आयोजित किया गया जहां बड़ी संख्या में नर्तक दलों और ग्रामीणों ने भाग लिया, दसई करमा महोत्सव में शामिल होकर शिवभजन मरावी ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### पारंपरिक रीति रिवाज से मनाते हैं दसई का त्यौहार

सरगुजा अंचल में जनजातीय समुदाय के लोग तरह-तरह के जनजातीय त्यौहार अपने पारंपरिक रीति रिवाज से मनाते हैं। इनके त्यौहारों में डार गाड़ने का रिवाज बहुत पहले से चलता आ रहा है। इनके बहुत सारे त्यौहार हैं जिनमें डार गाढ़ कर उसका पूजा करते है और रात रात भर करमा खेलते हैं उन्हीं में से एक है दसई करम त्योहार। यह त्यौहार अश्विनी मास के शुक्ल पक्ष में विजयदशमी के समय मनाया जाता है।

### मांदर की थाप पर रात भर झूमते रहे कर्मा प्रेमी

जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी शिव भजन सिंह मरावी के गिरी निवास में



दसई कर्मा का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र के रमकोला, घुई, बरपटिया, गोविंदपुर, हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढ़ा, धूमाडांड़, नरोला, रामपुर, पोड़ी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों महिला पुरूष मांदर की थाप पर पूरी रात झूमते रहे।

### दसई पूजा एकता का प्रतीक,मिलती है एक सुखद अनुभूतिः शिवभजन मरावी

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवभजन सिंह मरावी ने बताया कि दसई पूजा एकता का प्रतीक है जहां सभी समाज के लोग प्रकृति के आराध्य देव मानकर पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वजों द्वारा बताया गया है कि कोई भी नवीन कार्य करने से पहले कुल देवी देवताओं की सुमिरन कर कार्य की शुरुआत करने से मनचाहा फल मिलता है। घर में उपवास रहकर ग्राम के सभी देवी देवताओं का पूजा कर आह्वान कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है और संस्कृति को संरक्षित एवं परंपरा को बरकरार रखने पिछले कई वर्षों से यह त्यौहार हर्षोल्लास से मनाते आ रहे हैं जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष एकत्र होकर मांदर की थाप पर पूरी रात झूमते हैं जिससे एक सुखद अनुभूति मिलती है।

### जिपं अध्यक्ष का क्षेत्र में सराहनीय पहल

बता दें कि जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी लंबे समय से दसई करम देवती का उत्सव मनाते आ रहे हैं। आदिवासियों की यह परंपरा जिसको बरकरार रखने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का क्षेत्र में सराहनीय पहल है। प्रायः देखा जाए तो आदिवासियों की संस्कृति एवं पर्व में अब पहले से काफी कमी नजर आ रही है जो आने वाले समय में आदिवासियों के लिए विचारणीय है।

### करमा प्रतिभागी नगद राशि से हुए सम्मानित

जिला पंचायत अध्यक्ष के गृह निवास बरपटिया में दसई कर्मा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें परमेश्वरपुर प्रथम,नरोला द्वितीय व धूमाडांड़ को तृतीय एवं अन्य प्रतिभागियों को नगद सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जानसाय मराबी, मटिगड़ा सरपंच सुखलाल( झिरगा नेता), मोती यादव, हरि कुशवाहा, राजकुमार यादव, लालू खान, विजय कुशवाहा, घूरन बैगा, मंगल सिंह, रामचंद्र मराबी,अजित सिंह,जय सिंह, धनसाय मराबी, रामनाथ सिंह, मानसाय मराबी, हीरालाल मरावी ,अमृत आयाम, सुखदेव मरावी,जीत सिंह, दया सिंह सहित आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# लोककला मंच के जरिये मना वन्यप्राणी सरंक्षण सप्ताह

-संवाददाता-
सूरजपुर ,08अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।
जिले में वन्यप्राणी सरंक्षण सप्ताह का आयोजन गांधी जयंती के दिन 2 अक्टुबर से शुरुआत की गई है। जो पिछले 8 अक्टुबर तक वन्यप्राणी सरक्षण का आयोजन किया जा रहा हैं। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जल वायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन सरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



जिसके तहत जिले के अलग अलग वन परिक्षेत्रों में आयोजन किया गया है। इस कड़ी में रामानुजनगर वन परिक्षेत्र के तहत विभिन्न चिन्हाकिंत ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को प्रेमनगर विकास खण्ड के ग्राम अभयपुर, ग्राम शिवनगर में वन विभाग द्वारा झंकार लोक कला मंच के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कलाकारों द्वारा लोकगीत, नुक्कड़ नाटक के जरिये वन का उपयोगी, वनों के फायदो, वन से पर्यावरण बारिश, हवा, धूप सहित अन्य पर्यावरण के सम्बंध में जानकारी दिया गया। साथ ही कलाकारो द्वारा जंगली जीव जंतु बनकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही वन से मिलने वाले वनोपज से आर्थिक लाभ कैसे मिलता है। छत्तीसगढ़ के वनों पज से आयुर्वेदिक दवाई का निर्माण अलग अलग राज्यो में किया जाता है।जंगल मे जंगली जानवरों से कैसे बचें, जानवरो की रक्षा कैसे करें, खेत बाड़ियो में करंट लगने से होने वाले मौत से कैसे बचें, ग्रामीण को करंट नही लगाने से मना नुक्कड़ नाटक के जरिये बताया गया। वहीं जंगली जानवर इंसानी बस्ती गलती से चले जाते है जिन्हें मारना नही है। उन्हें संरक्षित करना है। रात्रि में बाहर घूमने से मना किया गया है।

लोक कलाकारों द्वारा बताया गया कि हाथी विचरण क्षेत्र में हम लगातार कब्जा कर रहे है जंगलों को नष्ट कर रहे है इसी कारण है कि जंगली जानवर इंसानी बस्ती में घुस रहे है। बल्कि हाथी के आने जाने मार्ग में हम कब्जा कर रहे है। जंगलों की कटाई कर रहे है। जंगलों के कटाई के लिए बचना है। जिस तरह से इंसान एक जीव है वैसे ही जंगली जानवर भी एक जीव है। हमें इन्हें सरंक्षण करना है। आगे बताया कि महूआ शराब बनाने के कारण जंगली हाथी उसके सुगन्ध से आते है। फसलों में होने वाले नुकसान को लेकर वन विभाग द्वारा मुआवजा भी प्रदान किया जाता है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा अपने आस पास खाली जमीनों में पेड़ पौधा लगाने को लेकर प्रेरित किया गया है और जंगली जानवरों को देवताओं के सवारी के रूप भी बताया गया है।

# दूसरे मैच में जीत के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

## दीपक चाहर की जगह वाशिंगटन सुंदर भारतीय एकदिवसीय टीम में शामिल

स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के बाकी बचे दो एकदिवसीय के लिए चोटिल दीपक चाहर की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय मैच रविवार को यहां खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका में शुरुआती मुकाबले को जीतकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, ''अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बचे हुए मैचों के लिए दीपक चाहर की जगह वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है।'



**रांची,08 अक्टूबर 2022।** भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां रविवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में बेहतर गेंदबाजी के साथ हर हालत में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी हालांकि टखने की चोट के कारण दीपक चाहर के बाहर होने से टीम की समस्यायें बढ गई हैं। इस महीने के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला हालांकि सरासर बेमानी है। अब सभी की नजरें रोहित शर्मा की टीम पर लगी हैं जो टी20 विश्व कप के अभ्यास मैचों के लिये पर्थ पहुंच चुकी है लिहाजा भारतीय टीम में जगह बनाने से चूके खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से कोई फायदा नहीं होने जा रहा।

लखनऊ में पहले वनडे से पूर्व चाहर को चोट लग गई और अब कमर की तकलीफ भी उन्हें परेशान कर रही है। मोहम्मद सिराज और आवेश खान प्रभावित नहीं कर सके हैं। ऐसे में बंगाल के नये तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को मौका दिया जा सकता है। बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर को रन बनाने होंगे क्योंकि वह टी20 विश्व कप के रिजर्व बल्लेबाजों में से है। अय्यर को श्रृंखला के लिये उपकप्तान बनाया गया है जिन्होंने पहले मैच में शीर्षक्रम के नाकाम रहने के बाद मोर्चा संभाला। शॉर्टपिच गेंदों को बखूबी नहीं खेल पाने और धीमी स्ट्राइक रेट की समस्याओं से जूझ रहे अय्यर ने साहसिक पारी खेली। भारत के लिये पिछले मैच की सबसे सकारात्मक बात संजू सैमसन का प्रदर्शन रही जो पदार्पण के सात साल बाद भी टीम में जगह पक्की नहीं कर सके हैं। सैमसन ने 63 गेंद में 86 रन बनाये और मध्यक्रम को स्थिरता दी। कप्तान शिखर धवन वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ अपनी नेतृत्व क्षमता का सबूत दे ही चुके हैं। वह टीम को मजबूत शुरूआत देने के इरादे से उतरेंगे जबकि शुभमन गिल वनडे टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपनी काबिलियत का लोहा फिर मनवाना चाहेंगे।

दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका टीम के लिये इस मैच में सुपर लीग अंक दाव पर लगे है जिससे उन्हें अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। बावुमा खुद खराब दौर से जूझ रहे हैं और तीन टी20 मैचों में 0 , 0 , 3 के स्कोर के बाद लखनऊ में आठ रन बनाये। दो सप्ताह बाद टी20 विश्व कप शुरू हो रहा है और टीम को उनसे अच्छी पारी की उम्मीद होगी। डेविड मिलर ने गुवाहाटी में शतक जमाया और पिछले मैच में नाबाद 75 रन की पारी खेली।

टीमें = भारत= शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शारदुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर। दक्षिण अफ्रीका= तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज जानेमन मालन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्खिया, वेन पार्नेल, एंडिले फेहलुकवेओ, ड्वेन प्रिटोरियस, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।

### भारत के महिला अंडर-17 कोच डेनरबी ने कहा

# हमारा लक्ष्य क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचना



**नई दिल्ली,,08 अक्टूबर 2022।** भारत को भले ही अंडर-17 महिला फुटबॉल विश्वकप में अमेरिका और ब्राजील जैसी शीर्ष टीमों के साथ एक ग्रूप में रखा गया हो लेकिन कोच थॉमस डेनरबी ने कहा कि उनकी टीम मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है और उसका लक्ष्य अंतिम आठ में जगह बनाना है। भारत 11 अक्टूबर को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह 14 अक्टूबर को मोरक्को और 17 अक्टूबर को ब्राजील से भिड़ेगा। डेनरबी ने प्रतियोगिता से पहले वर्चुअल बातचीत में संवाददाताओं से कहा, 'निश्चित तौर पर हमारा सामना शीर्ष टीमों से है लेकिन यदि हमारे लिए मैच वाला दिन अच्छा रहता है और दूसरी टीम थोड़ा खराब प्रदर्शन करती है तो हमारे पास मौका रहेगा। वैसे भी कमजोर टीम मैच जीतती रही हैं।'

उन्होंने कहा,''अगर हम इन टीम के खिलाफ शुरू में गोल कर देते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। मौके हमेशा रहते हैं और अगर हमें मौका मिलता है तो हमें उसका फायदा उठाना चाहिए।'' प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। अगर फीफा की सीनियर रैंकिंग पर गौर किया जाए तो अमेरिका विश्व में नंबर एक पर काबिज है जबकि ब्राजील शीर्ष 10 में शामिल है।भारत की रैंकिंग 58 है और ग्रुप में केवल मोरक्को (76) उससे कम रैंकिंग वाली टीम है।

डेनरबी ने कहा,''निश्चित तौर पर हम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाना चाहते हैं इसमें कोई संदेह नहीं है और हम प्रत्येक मैच में पूरी जी जान लगा देंगे। केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान देने से हम इसे हासिल कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा,'' मेरे लिहाज से यह परिणाम से इतना जुड़ा नहीं है। हमें अपनी रणनीति पर कायम रहना होगा और जो भी परिणाम रहे शांतचित बने रहना होगा। हम कड़ी चुनौती पेश करेंगे।'' महिला अंडर-17 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नवंबर 2019 में भारतीय टीम से जुड़ने वाले डेनरबी ने कहा,'' लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना होगा और उम्मीद है कि अच्छे प्रदर्शन से हम अंक हासिल करेंगे। उम्मीद है कि दर्शकों के अपार समर्थन का भी हमें फायदा मिलेगा।



## हैदराबाद में अगले साल होगी देश की पहली फार्मूला रेस

**हैदराबाद ,08 अक्टूबर 2022।** भारत में पहली फार्मूला ई-रेस 'हैदराबाद ई-प्रिक्स' यहां नेकलेस रोड पर अगले साल 10 और 11 फरवरी को आयोजित की जायेगी।

दुनिया में प्रमुख इलेक्ट्रिक सिंगल सीटर रेसिंग श्रृंखला 'ई-प्रिक्स की मेजबानी करने के बाद हैदराबाद का नाम न्यूयार्क, लंदन, बर्लिन, सोल, मोनाको और रोम जैसे देशों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया जायेगा जिन्होंने इससे पहले सिंगल सीटर रेसिंग श्रृंखला का आयोजन किया है।

हैदराबाद सूचना तकनीकी विभाग के अनुसार इस इवेंट में 11 टीमों के 22 ड्राइवर हैदराबाद स्ट्रीट सर्किट के आसपास जीत के लिए भिड़ेंगे। इस मौके पर जश्न मनाने और मार्की रेस के लिए, तेलंगाना सरकार छह से 11 फरवरी के बीच हैदराबाद ई-मोबिलिटी वीक का आयोजन करेगी, जिसमें कई रोमांचक कार्यक्रम होंगे। इसमें हैदराबाद ईवी समिट, राल एक हैदराबाद और हैदराबाद ई मोटर्स शो शामिल है।

## सैयद मुश्ताक ट्राफी में बंगाल की पहली भिड़ंत झारखंड से

**कोलकाता ,08 अक्टूबर2022।** अभिमन्यु ईश्वरन के नेतृत्व में बंगाल की टीम सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी-20 चैंपियनशिप में 11 अक्टूबर को लखनऊ में झारखंड से भिड़ेगी।

एलीट ग्रुप 'ई' में बंगाल के साथ चंडीगढ़,छत्तीसगढ़,ओडिशा,सिक्किम और गत चैंपियन तमिलनाडु को रखा गया है। पहले मैच में भाग लेने के लिये बंगाल की टीम लखनऊ के लिये रवाना हो गयी है। चैंपियनशिप में भाग लेने वाली 38 टीमों को पांच एलीट ग्रुप में विभाजित किया गया है। ए,बी और सी ग्रुप में आठ आठ टीमे होंगी जबकि ई और एफ ग्रुप में टीमो की संख्या सात-सात होगी। सैयद मुश्ताक ट्राफी के मुकाबले छह शहरों में खेले जायेंगे। फाइनल पांच नवंबर को होगा।

बंगाल की 19 सदस्यीय टीम इस प्रकार है, अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रितिक चटर्जी (उप कप्तान),अभिषेक दास, रितिक राय चौधरी,सुदीप कुमार घारामी,रंजोत सिंह खैरा,अग्निव पान (विकेटकीपर), अभिषेक पोरल (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, प्रदीप्त प्रमानिक,करन लाल,सुजित कुमार यादव,मुकेश कुमार,अक्षदीप,ईशान पोरल,सायान शेखर मंडल,रवि कुमार,आकाश घटक और गीत पुरी।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को प्रोत्साहित करेगा गीत 'विजयी भव'

**नयी दिल्ली ,08 अक्टूबर2022 ।** आस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जोश भरने के लिये मुंबई की एक गैर सरकारी संस्था ने चीयरिंग स्कवॉड इंडिया फाउंडेशन (सीएसआईएफ) ने 'विजयी भव' नामक गीत लॉन्च किया है। संस्था का दावा है कि 'विजयी भव इंडिया' गीत एक भाव है, जिसका उद्देश्य विश्व कप वापस अपने देश वापस लाने के लिए संयुक्त रूप से भारतीय टीम को प्रोत्साहित करना है। इस गीत की शुरुआत एक पवित्र श्लोक के साथ होती है और 'विजयी भव' का स्वर धीरे-धीरे बढ़ते हुए चरम सीमा पर पहुंचता है और शक्तिशाली ऊर्जा निर्माण करता है। प्रज्ञा पलसुले ने इसे लिखा और इसका संगीत तैयार किया है और इसे उभरते गायक अभिजीत नलावडे ने गाया है।

सीआईएसएफ के संस्थापक मकरंद पाटील ने कहा कि 'विजयी भव' गीत भारतीय क्रिकेट टीम की लगन को सलाम करता है जो हर समय विजय हासिल करने के लिए अपने प्रत्येक मैच को कुरुक्षेत्र के युद्ध की तरह देखती है। इसके पीछे विचार यह है कि देश को एक साथ लाया जाए और मिलकर प्रार्थना की जाए। 'विजयी भव' एक भाव है जो एक अरब भारतीयों द्वारा देश की टीम के प्रति अपने समर्थन का संकल्प प्रदर्शित करता है। गीत में प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक जोशी, ऋतुराज फड़के, संदीप जुवाटकर, आनंद काले, माधव देवचाके, नरेश मारू जैसे कई सेलिब्रिटी क्रिकेट खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि 16 अक्टूबर से वर्ल्ड कप की शुरुआत हो रही है और 23 अक्टूबर को भारत अपना पहला मैच खेलेगा।

## ड्रामा सीरीज आशिकाना में करणवीर बोहरा निभाएंगे बैड बॉय की भूमिका



लोकप्रिय टीवी अभिनेता करणवीर बोहरा, जिन्होंने जस्ट मोहब्बत, शरारत और कसौटी जिंदगी की जैसे शो में काम किया है, ड्रामा सीरीज आशिकाना के दूसरे सीजन में एक बार फिर एक बैड बॉय की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। करणवीर आशिकाना में एक स्टाइलिश सीरियल किलर की भूमिकाएंगे। यह सीरीज 10 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी। अपनी भूमिका और शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए, अभिनेता ने कहा, आशिकाना में मेरा किरदार बहुत ही विचित्र और शैलीबद्ध है। मैं एक सीरियल किलर की भूमिका निभा रहा हूं, लेकिन उसके साथ एक मजाकिया पक्ष है। श्रृंखला के निर्देशक गुल खान एक चरित्र को शैलीबद्ध करना जानते हैं। कलाकार जैन और खुशी से मिलकर अच्छा लगा।आशिकाना डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी भाषा की रोमांस ड्रामा सीरीज है, जिसका निर्देशन गुल खान ने किया है।

## माहिरा शर्मा ने पहनी इतनी छोटी ड्रेस,चलाया हुस्न का जादू

एक्ट्रेस माहिरा शर्मा बिग बॉस 13 का हिस्सा बनने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में हैं. उन्होंने बेशक इस शो का खिताब न जीता हो, लेकिन इस शो के कारण माहिरा को खूब पॉपुलैरिटी मिली. इसी शो ने उन्हें घर-घर में एक खास पहचान दिलाई है. ऐसे में वह आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं.

फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. माहिरा भी इस मामले में कभी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करतीं. वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. लगभग हर दिन वह फैंस के साथ कुछ न कुछ शेयर करती ही रहती हैं. अब फिर से एक्ट्रेस ने अपना सिजलिंग अंदाज दिखाया है. माहिरा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं.



इस लुक में वह इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. फोटोज में माहिरा ग्रीन कलर की शॉर्ट और बैकलेस ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं.

लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होने लाइट मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा है. इसके साथ माहिरा ने हाई हील्स पेयर की हैं. यहां वह टेबल पर बेबाकी के साथ अलग-अलग अदाएं दिखा रही हैं. इस लुक में एक्ट्रेस बेहद हॉट लग रही हैं. कुछ मिनटों में इन फोटोज पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं. फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं.कई प्रोजेक्ट्स में दिख चुकी हैं माहिरा गौरतलब है कि माहिरा शर्मा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं. इसके अलावा वह बहुत सी म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं.

## टाइगर जिंदा है के बाद अली अब्बास की फिल्म में फिर दिखेंगे सलमान खान




2017 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर जिंदा है के लिए अली अब्बास जफर और सलमान खान ने हाथ मिलाया था। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। अब सुनने में आ रहा है कि ये दोनों फिर एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्म के लिए दोनों के बीच बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक धोषणा होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, अली अब्बास और सलमान एक फिल्म के सिलसिले में बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, सलमान और अली अब्बास पिछले कुछ महीनों में कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा कर रहे थे और आखिरकार उन्होंने एक एक्शन फिल्म करने फैसला किया है। यह एक उम्दा एक्शन फिल्म है, जो काफी भावनात्मक होगी। फिल्म का विषय चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए सलमान को ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ेगा।

यह सलमान के सुल्तान के मिजाज की फिल्म हो सकती है, जिसमें उन्होंने एक पहलवान की भूमिका निभाई थी। कहा जा रहा है कि सलमान ने फिल्म के लिए मौखिक तौर पर हामी भर दी है। कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले वह पूरी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। स्क्रिप्ट देखने और परखने के बाद ही वह फिल्म साइन करेंगे। फिल्म को बड़े बजट में बनाया जाएगा और इसके अधिकांश हिस्सों की शूटिंग विदेशों में होगी।

सूत्रों की मानें तो मेकर्स अगले साल जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म ईद के मौके पर 2024 में रिलीज होगी। अली अब्बास फिलहाल शाहिद कपूर की फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन में जुटे हैं। इसके साथ-साथ वह बड़े मियां छोटे मियां के प्री-प्रोडक्शन को पूरा करने में लगे हैं। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। दोनों प्रोजेक्ट के बाद अली अब्बास सलमान की फिल्म शुरू करेंगे। अली अब्बास के घर खुशियों की किलकारी गूंजी है। वह एक बेटी के पिता बने हैं। अली अब्बास और उनकी पत्नी एलिसिया जफर के घर 24 सितंबर को नन्ही परी का आगमन हुआ है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की है। सलमान मास्टर की हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। टाइगर 3 में भी सलमान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी नजर आएगी। वह शाहरुख खान की फिल्म पठान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।













C M Y K

## संक्षिप्त समाचार



### मुख्यमंत्री ने ईद-मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद

रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुस्लिम भाईयों सहित प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। हजरत साहब दुनिया में अमन और भाईचारे का संदेश लेकर आए। उनके संदशों ने लाखों लोगों के विचारों और जीवन मूल्यों पर अभूतपूर्व प्रभाव डाला। उन्होंने पूरी दुनिया को मानवता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के संदेश हमेशा समाज को सच्चाई और नेकी के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

### सरकारी आवास में जज की बेटी की मिली लाश

कवर्धा, 08 अक्टूबर 2022। कवर्धा के जज की 13 वर्षीय बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जज कवर्धा न्यायालय में पदस्थ है। जज की पुत्री ने जज के सरकारी आवास में खुदकुशी की है। घटना कवर्धा सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान जज की पुत्री सरकारी क्वाटर में अकेली थी। आज सुबह जब परिजन सरकारी क्वाटर में पहुंचे तो उनकी बेटी का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची है। फिलहाल 13 वर्षीय नाबालिग ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी जांच पुलिस कर रही है। खबर लिखे जाने तक सुसाइड नोट या फिर मौत के कारनो की जानकारी नहीं मिल पाई है।

### उच्च शिक्षा विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल, 8 कॉलेजों के प्रिसिपल का हुआ तबादला



रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। प्रदेश के विभिन्न विभागों में अधिकारी-कर्मचारियों के तबादलों का दौर जारी है. अब इसी कड़ी में उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के आठ कॉलेजों के प्रिंसिपल के तबादले किए हैं. इसके अलावा लाइब्रेरियन के भी तबादले किए गए हैं।

# सभी जिलों के पुलिसकर्मियों को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश



रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में दो दिवसीय कलेक्टर व एसपी कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जिलों के कलेक्टर व एसपी कानून व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए और अपराधों की रोकथाम करते हुए केवल छोटे स्तर पर कार्यवाही न करें और आँकड़े न देकर ठोस कार्ययोजना को अंजाम दे।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश**

- चिटफंड प्रकरण की विवेचना में तेजी लाये, कम्पनी के डायरेक्टर जिनकी गिरफ्तारी नही हुई है, गिरफ्तार किये जायें
- अभी तक कुछ प्रकरणों में ही संपत्ति कुर्की की कार्यवाही हुई है। इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है
- बचे हुए मामले में भी संपत्ति चिन्हित कर कुर्की की कार्यवाही करायें और निवेशकों को अधिक से अधिक राशि वापस दिलाएं
- राजनीतिक प्रकरण वापसी के भी बचे हुए प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करें, इसी तरहआदिवासियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की वापसी में भी तेजी लायें
- कुछ जिलों में साप्ताहिक अवकाश दिया जा रहा है, किन्तु कुछ जिलों में अभी भी यह व्यवहारिक रूप से लागू नहीं किया गया है, पुलिस महानिरीक्षक इसकी समीक्षा करें और शीघ्र लागू करें
- नक्सल क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करायी जाए
- नक्सल क्षेत्रों में व्हीआईपी भ्रमण के दौरान सुरक्षा का ध्यान रखा जाए
- किसी भी जिले से जुआ-सट्टा की शिकायत नहीं आनी चाहिए, ऑनलाइन सट्टा पर पूरी तरह से अंकुश लगया जाए
- नशे की गोलियां, इंजेक्शन, सीरप के सेवन की प्रवृत्ति पर पूर्ण रूप से विराम लगाये एवं विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करें
- गांजा परिवहन व विक्रय पर भी अंकुश लगायें, सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट मजबूत करे हुक्का पर प्रतिबंध लगाया है इसे जारी रखें
- महिलाओं व बच्चियों के लिए सुरक्षित माहौल बनायें, हमर बेटी हमर मान अभियान को बेहतर ढ़ंग से संचालित करें
- सायबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, इससे बचने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम चलायें
- पीड़ित को यह भरोसा हो कि उसकी शिकायत पर कार्यवाही होगी
- पुलिस के अधिकारी फिल्ड में अधिक समय दें लोगों से सम्पर्क बढ़ायें और विजिबल पुलिसिंग की अवधारणा पर काम करें
- धान खरीदी प्रारंभ होने वाली है, अवैध धान परिवहन पर अंकुश लगाने की ठोस कार्य योजना रहे
- अवैध रेत के परिवहन पर अंकुश लगायें
- पुलिस के जवानों के वेलफेयर पर वरिष्ठ अधिकारी ध्यान दें

### मुख्यमंत्री आज करेंगे टॉपर्स का सम्मान,मिलेंगे डेढ़-डेढ़ लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 9 अक्टूबर को शाम 4 बजे स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान करेंगे।

इस योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2022 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं के 125 छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा। सीएम हाउस में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रावीण्य सूची में शामिल प्रत्येक छात्र-छात्राओं को डेढ़-डेढ़ लाख रूपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे।

## लोगों ने विधायक प्रत्याशी को किया अधमरा,बच्चा चोर समझकर पीटने लगे

कुरुद, 08 अक्टूबर 2022। धमतरी जिले में पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोर वाली अफवाह तेजी से फैल रही है। भखारा के बाद मगरलोड, और शुक्रवार को कुरुद में इसी तरह का मामला सामने आया। इस कड़ी में बच्चा चोर के शक में निर्दलीय विधायक प्रत्याशी लेखराम साहू की भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम छोटी करेली में हर साल दशहरा के एक दिन पहले रिछीन माता के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना होती है। जिसमें शामिल होने दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। 5 अक्टूबर को ग्राम चर्रा निवासी लेखराम पिता बुधराम साहू भी माता रीछीन का दर्शन करने मित्र विकास साहू के साथ करेली गया था। अधिक भीड़ के कारण दर्शन नहीं होने की वजह से वे दोनों अपनी मोटरसाइकिल से रात्रि करीब 9 बजे घर वापसी के लिए लौट रहे थे, लेकिन अंधेरे में रास्ता भटककर वे ग्राम डाभा पहुंच गए । वहां एक महिला से कुरुद जाने का रास्ता पूछने लगे। इतने में लोगों ने बच्चा चोर है कह कर, लेखराम साहू को अधमरा होते तक पीट दिया।

इस घटना पर सरपंच का कहना है कि घटना के समय वो भी माता के जगराता में गया था, फोन से पता चला कि गांव में कोई बच्चा चोर आया है। मैं तुरंत डाभा आकर देखा कि हजारों लोग एक व्यक्ति को बेरहमी से मार रहे थे। मैंने मारपीट करने से मना किया तो भीड़ मुझे ही गाली गलौज देने लगी। पीड़ित पक्ष की ओर से मामले की लिखित शिकायत शनिवार को मगरलोड थाना में दर्ज कराई गई है।



### गोबर पेंट से स्कूलों की होगी रंगाई-पोताई, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए निर्देश

रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ के स्कूलों की रंगाई-पोताई अब गोबर से निर्मित पेंट से होगी। राज्य में स्थापित किए गए गौठानों में रूरल इंण्डस्ट्रीयल पार्क विकसित किया जा रहा है। इन पार्को में स्व सहायता समूह की महिलाओं गोबर से पेंट बनाने का काम भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का जरिया देने और उनकी आय बढ़ाने के लिए सभी स्कूलों में रंगाई-पोताई गोबर से बने पेंट से करने के निर्देश दिये हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी कि न्यू सर्किट हाऊस में कलेक्टर एसपी कान्फ्रेस के दौरान वाहन गौठान एवं रीपा रूरल इंण्डस्ट्रीयल पार्क के स्वयं स्वः सहायता समूह के द्वारा लगाए स्टॉल का अवलोकन करने पहुंचे।

## गौठान में मिली लाश



रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। अभनपुर के एक गौठान में शनिवार की सुबह लाश लटकी मिली। ये लाश गौठान समिति के अध्यक्ष की थी। गांव में अब इस मौत के बाद कई तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस शुरुआत में मामले को दबाने का प्रयास करती रही, अब अफसर कह रहे हैं मामले की जांच जारी है। दूसरी तरफ भाजपा ने इस मौत पर बवाल मचाना शुरू कर दिया है क्योंकि मौत गौठान से जुड़ी है। मामला अभनपुर के आमदी गांव का है। गौठान समिति के अध्यक्ष रहे पवन निषाद की लाश सुबह गौठान के छज्जे से लटकी मिली । फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक पवन ने गमछे से फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी की है । पुलिस ने शव को पोस्टमर्टम के लिए भेजा है । गांव वालों से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले गांव के कुएं में गिरकर पवन की पिता गंगू राम निषाद की भी मौत हो चुकी है।

## बीट गार्ड को विभाग ने किया सस्पेंड



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 08 अक्टूबर 2022। अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर जोन में की जा रही बेतहाशा कटाई के मामले में बीट गार्ड गोविंद कुमार रौतेल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं रेंजर बीएस पंदराम को नोटिस भी जारी किया गया है। 24 सितंबर को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में जंगल की अवैध कटाई करते हुए 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था। मरवाही वनमंडल से सटे अचानकमार टाइगर रिजर्व (मुंगेली जिला) के बफर जोन में टेंट लगाकर आरोपी रात के अंधेरे में लगातार पेड़ों की कटाई कर रहे थे।

प्रतिबंधित वन क्षेत्र में कटाई के खिलाफ मरवाही वनमंडल के गौरेला और पेंड्रा रेंज की टीम ने कार्रवाई की थी।ऋक्रके कबीर रेंजर बीएस पंदराम ने भी माना था कि प्रतिबंधित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कटाई की गई है। हालांकि बार-बार वन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में थी। इसे लेकर लगाए जा रहे आरोपों के बाद आखिरकार बीट गार्ड को निलंबित किया गया है।

## बिलासपुर दुर्गा विसर्जन झांकी को छत्तीसगढ़ डीजे संघ ने किया बायकॉट, नाराज हुए साउंड यूनियन के लोग?




बिलासपुर, 08 अक्टूबर 2022। हर साल की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के बाद दुर्गा माता का विसर्जन न्यायधानी यानी बिलासपुर में बड़े ही जोर शोर और उत्साह के साथ किया जाता है । वर्षो से चले आ रही यह परंपरा पूरे प्रदेश में प्रचलित है । वहीं बीते दिन दुर्गा विसर्जन झांकी के दौरान दो दुर्गा उत्सव समितियों के बीच कुछ विवाद हो गया । विवाद इतना बढ़ गया की समिति के लोगो ने विसर्जन में लगे डीजे पर पथराव करने लगे और लाठी डंडों से डीजे पर तोड़फोड़ करने लगे जिसका वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है । बिलासपुर में हुई इस घटना को लेकर साउंड यूनियन के सदस्य काफी नाराजगी जताई है वहीं डीजे यूनियन के द्वारा भरपाई का मांग किया जा रहा है ।

साउंड यूनियन का यह कहना है की जब विवादो समितियों के बीच था तो तोड़फोड़ डीजे पर क्यों किया गया अब इसका भरपाई कौन करेंगे। वही इस घटना के बाद डीजे यूनियन के सदस्यों ने बिलासपुर झांकी विसर्जन को बायकॉट करने की बात कही है ।

**न्यायधानी बना अपराध धानी 1 साल में मारपीट के कई मामले**

दरअसल बिलासपुर में बीते दिनों डांस क्लबों से लेकर सड़को पर कई तरह के विवाद सामने आ रहे है. बेरहमी से मार पीट करना गुंडा राज चलाना बिलासपुर में खुले तौर पर देखने को मिल रहा है । छुटभैया नेताओ के समर्थन में असामाजिक तत्वों के पर निकल पड़े है और आए दिन मार पीट की घटना को अंजाम दे रहे है ।

## स्कूल के प्राचार्य पर लगे गंभीर आरोप, छात्राएं बोलीं-बैड टच करता है प्रिंसिपल

भिलाई, 08 अक्टूबर 2022। भिलाई के शांति नगर में संचालित सेंट जेवियर स्कूल की 5 छात्राओं ने वहां के प्रिसिंपल के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत की है। छात्राओं का कहना है कि फादर उन्हें अकेले में बुलाते हैं। उन्हें गलत जगह टच करते हैं। किस करते हैं और गंदी बातें करते हैं। सुपेला पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी प्रिंसिपल के आनंद को हिरासत में ले लिया है। स्कूल में 10वीं, 11वीं और 12वीं पढ़ने वाली 5 छात्राओं ने दुर्ग जिला शिक्षाधिकारी और वैशाली नगर थाने में मामले की शिकायत की है। छात्राओं ने शिकायत में बताया है कि स्कूल के प्रिंसिपल कंबंन आनंद कुमार का रवैया लड़कियों के प्रति अच्छा नहीं है।

वो लड़कियों के साथ बेड टच करता है। किसी न किसी बहाने छात्राओं को प्रिसिंपल ऑफिस बुलाते हैं। गंदी बातें करते हैं। कहते हैं कि उनकी कोई गर्लफ्रैंड नहीं है। छात्राओं के मुताबिक प्रिंसिपल कहता है कि आप लोगों को देखना अच्छा लगता है। किस करना अच्छा लगता है। जब लड़कियां इसका विरोध करती हैं तो वो कहता है वो उनका भाई और पिता जैसा है। ऐसा कहते हुए करीब आता है और गले और अन्य जगहों पर किस करता है। मना करने के बाद भी अश्लील बातें करता है। इसकी शिकायत स्कूल के टीचर्स से करने पर वो लोग धमकी देते हैं। कहते हैं ये बात अपने घर या किसी और को बताया तो उसका अंजाम ठीक नहीं होगा।



**लड़कियों के टॉयलेट में करता है ताक-झांक-** लड़कियों का आरोप है कि प्रिंसिपल की हरकत यही नहीं खत्म होती है। वह लड़कियों के टॉयलेट के बाहर खड़ा हो जाता है। दरवाजे से अंदर झांकता है। जब स्कूल की छुट्टी होती है तो उन लड़कियों को अलग-अलग बहाने से रोक लेता है। शाम को अपने घर भी बुलाता है। कुछ लड़कियां इतना दबाव में आ गई कि वो उसके घर भी जा चुकी हैं। एक 10वीं की लड़की को उसने घर बुलाया था। उसके बाद से वो लड़की बिल्कुल चुप और गुमसुम रहने लगी। वह किसी से बात तक नहीं करती है।

**स्कूल मैनेजमेंट भी दबा चुक है मामला-** छात्राओं का आरोप है कि इसकी शिकायत स्कूल के मैनेजमेंट स्तर पर की जा चुकी है। शिकायत के बाद एक हाई कमेटी बैठक बुलाई गई और उसके बाद मामले को दबा दिया गया। मीटिंग के बाद प्रिंसिपल की हरकतें और बढ़ गईं। वह छोटी क्लास की बच्चियों को भी गलत तरीके से छूने और किस करने लगा। छात्राओं ने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। सुपेला पुलिस ने आरोपी प्रिसिंपल को गिरफ्तार कर लिया है। खबर लिखे जाने तक मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**हिंदू जागरण मंच ने किया विरोध प्रदर्शन-** स्कूल में छेड़खानी का मामला सामने आने के बाद हिन्दू जागरण मंच ने शांति नगर स्थित सेंट जेवियर स्कूल का घेराव कर दिया है। पुलिस भी घटनस्थल पहुंच गई । प्रदर्शन कारियों ने प्रिंसिपल के खिलाफ जुर्म दर्ज कराने की मांग की है। सुपेला पुलिस ने प्रिसिंपल को गिरफ्तार कर लिया है। हिन्दू जागरण मंच प्रदेश अध्यक्ष आकाश ठाकुर ने बताया कि पालकों की ओर से लगातार शिकायत के बाद भी प्राचार्य क्लास की नाबालिग छात्राओं को अपने कमरे में बुलाकर छेड़खानी करता है।

# टॉपर छात्र-छात्राओं ने हेलीकॉप्टर जॉयराइड का लिया आनंद,कहा धन्यवाद मुख्यमंत्री

- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर अमल,मेधावी छात्र-छात्राओं को कराई गई हेलीकॉप्टर की सैर**
- **मुख्यमंत्री द्वारा हेलीकॉप्टर की जॉयराइड से टॉपर्स का अनोखा सम्मान**

रायपुर, 08 अक्टूबर 2022। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप प्रदेश में पहली बार कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी बच्चों को अनूठे अंदाज में सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2022 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले 125 छात्र-छात्राओं को हेलीकॉप्टर में जॉयराइड कराई गई। इनमें कक्षा 10वीं के 90 और कक्षा 12वीं के 35 छात्रों ने हेलीकॉप्टर में उड़ान का आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला एवं सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन और सचिव छत्तीसगढ़. ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल प्रोफेसर. व्ही.के.गोयल ने पुलिस ग्राउंड स्थित हेलीपैड पहुंचकर सम्मानित होने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पढ़ाई के प्रति आपकी लगन के लिए आप सभी को हेलीकॉप्टर राइड का उपहार दिया है, अब आगे भी आप सभी को अच्छे से पढ़ाई करनी है और बड़े बड़े पदों पर जाना है। स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रतिभा सम्मान समारोह वर्ष 2022 के आयोजन में 7 सीटर हेलीकॉप्टर में एक बार में 7 विद्यार्थियों को सैर कराई गई। 119 छात्र-छात्राओं को पालकों की सहमति से हेलीकॉप्टर राइड कराई गई।

मुख्यमंत्री द्वारा हेलीकॉप्टर की जॉयराइड से टॉपर्स का अनोखा सम्मानमुख्यमंत्री द्वारा हेलीकॉप्टर की जॉयराइड से टॉपर्स का अनोखा सम्मानराजनांदगांव के संस्कार हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा दसवीं में 97.6 प्रतिशत अंक के साथ टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा यामिनी कुंजाम ने बताया कि मैंने सिर्फ सपना ही देखा था कि हेलीकॉप्टर में बैठूंगी, लेकिन आज मेरा सपना मुख्यमंत्री जी ने पूरा कर दिया, मैं बहुत खुश हूं। रायगढ़ जिले के पुसौर अभिनव विद्या मंदिर की कक्षा बारहवीं में 97.00



प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंजलि सतपथी ने कहा कि हेलीकॉप्टर में बैठना किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है, बहुत मजा आया, मैं बहुत खुश हूं। हमारे मुख्यमंत्री जी को इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जांजगीर चांपा जिले के गवर्मेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बिरगहनी की कक्षा बारहवीं में 95.00 प्रतिशत प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योति कैवर्त ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत खास और यादगार रहेगा, मैंने कभी नहीं सोचा था हेलीकॉप्टर में बैठ पाऊंगी लेकिन मुख्यमंत्री जी ने मुझे हेलीकॉप्टर की सैर करा दी, मैं बहुत खुश हूं।

मुख्यमंत्री ने पूरा कर दिया, मैं बहुत खुश हूं। रायगढ़ जिले के पुसौर अभिनव विद्या मंदिर की कक्षा बारहवीं में 97.00मुख्यमंत्री जी ने पूरा कर दिया, मैं बहुत खुश हूं। रायगढ़ जिले के पुसौर अभिनव विद्या मंदिर की कक्षा बारहवीं में 97.00जिला नारायणपुर के अबुझमाण्ड के स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ के विशेष पिछड़ी जनजाति के छात्र देवानंद कुमेटी ने बताया कि मैंने दसवीं बोर्ड में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, मैं जहां रहता हूं वहां सूरज की रोशनी भी मुश्किल से पहुंचती है, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री ने मुझे हेलीकॉप्टर से खुले आसमान की सैर करा दी, मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत धन्यवाद। जिला महासमुंद के लंहगर स्थित नवजीवन मिशन हाई स्कूल के दसवीं बोर्ड में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र शुभम निषाद ने बताया कि हेलीकॉप्टर राइड को लेकर मैं बहुत उत्साहित था, लेकिन हेलीकॉप्टर में बैठकर बहुत मजा आया, पूरी राजधानी का नजारा देखा, मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद। जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के लाखनटोला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरासी के बारहवीं कक्षा में 80.00 प्रतिशत अंक पाने वाले छात्र शिवप्रसाद बैगा ने बताया कि मेरे पूरे परिवार में उत्साह है कि मैं हेलिकॉप्टर की सैर करूंगा, मेरे पापा खुद यहां तक लाये मुझे, मुख्यमंत्री जी को मेरा और मेरे पूरे परिवार का धन्यवाद।

इस मौके पर ऋतु साव, नैंसी पटेल, नेहा प्रधान, विनीता सुपकर, अंजलि नायक, कु.ज्योति, अंजलि सतपथी, पांचवे राउंड में नूपुर पटनायक, कनकना घरमी, शैली यादव, मुस्कान वर्मा, शीतल, तनीषा पटेल, लिसा लोहिया, छठवें राउंड में समीक्षा देवांगन, हेमा दत्ता, भावना साहू, पल्लवी साहू, दीपाली सूर्यवंशी, दिशा दुबे, संजना बर्मा, नंदिनी यादव, सातवें राउंड में एकता रानी साहू, नीलम केंवट, सुष्मिता मनहर, कु.उषा, वर्षा देवांगन, मानसी साहू, आठवें राउंड में पूजा सिन्हा, भवानी पटेल, वैशाली साहू, मुस्कान गजभिये, ज्योति मेहर, कु.नागेश्वरी, उमा सोनी, नववें राउंड में अनिशा एक्का, नुरिचा साहू, भाविका सिन्हा, अनुराधा जायसवाल, इंदु चंद्रवंशी, कु.ममता, दीपिका वर्मा, दसवें राउंड में महक अग्रवाल, प्राची भोई, भूमिका पटेल, खुशी यादव, कुसुम साव, मेघा वास्तव, रामकुमारी बिरहोर, ग्यारहवें राउंड में नूपुर बिस्वास, साक्षी चौरडिया, विभा रानी यादव, प्रियांशु पाठक, अंजलि कुशवाहा, डिगेश्वरी, चाँदनी मौर्य, बारहवें राउंड में पंकज कुमार साहू, जय प्रकाश कश्यप, कमलेश सरकार, वेनुकांत कुर्रे, रितेश कुमार साहू, शिवम साव, अक्षय शर्मा, तेरहवें राउंड में कृष कुमार, मयंक गोयल, विवेक कुमार देवांगन, प्रेम बिस्वास, एकांत प्रधान, जितेंद्र बरहा, रमेश, चौदहवें राउंड में आलोक कुमार साहू, शुभम निषाद, धर्मेन्द्र पटेल, क्रेश कुमार, कुलदीप चतुर्वेदी, चिराग अग्रवाल, कुशंक कुमार, पंद्रहवे राउंड में भूपेश कुमार गजेंद्र, डोंगेश्वर साहू, चंद्रकांत वास, तेजस सोमवार, अमन कश्यप, रजत शर्मा, यशवंत सिदार, सोलहवें राउंड में हर्ष तिवारी, नीरज कोसरिया, सन्तोष कुमार यादव, चिंतामणि साहू, रूपेंद्र, सुमित वेरधा, शिव प्रसाद, सत्रहवें राउंड में युगांत कुमार साहू, हिमांशु तिवारी, राम गुप्ता, देवानंद कुमेती, प्रीतम बैगा, परीक्षित बिरहोर, प्रदीप राम ने हेलीकॉप्टर से जॉयराइड का आनंद लिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)